राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित

AKSHANSH PUBLICATION

5 जनवरी, 2026 को जारी विस्तृत विज्ञप्ति के अनुसार
नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित पाठ्यसामग्री

# वनपाल

## भर्ती परीक्षा-2026

सामान्य ज्ञान | सामाजिक अध्ययन | भूगोल | इतिहास | कला एवं संस्कृति | दैनिक विज्ञान | गणित | समसामयिक मामले

**10 मॉडल प्रश्न-पत्र**

10 OMR SHEETS सहित

**विशेषताएं:**

1. परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2. नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
3. नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित (अभिकथन-कारण, युग्म, सुमेलित प्रश्नों के पैटर्न पर)



नागवेन्द्र सर | रतन सर | अनिल सर | राहुल सर

## अक्षांश पब्लिकेशन

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित

AKSHANSH PUBLICATION

# वनपाल

## भर्ती परीक्षा

सामान्य ज्ञान | सामाजिक अध्ययन | भूगोल | इतिहास | कला एवं संस्कृति | दैनिक विज्ञान | गणित | समसामयिक मामले

10 OMR SHEETS सहित

## 10 मॉडल प्रश्न-पत्र

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

संपादक

**अनिल सर,नागवेन्द्र सर**

**रतन सर, राहुल सर**

सह संपादक

**गंगासिंह भाटी, अनोपचंद मंडा,**

**राकेश बिश्नोई**

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**

**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन**

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM | INSTAGRAM | YOUTUBE | FACEBOOK | WHATSAPP

बुक कोड - AP0110

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

**अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।**

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विषय वस्तु | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 20 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 21 - 40 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 41 - 60 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 61 - 80 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 81 - 100 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 101 - 121 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 122 - 141 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 142 - 161 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 162 - 181 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 182 - 201 |

1. **राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. रामदेवरा (जैसलमेर), जिला मुख्यालय से पूर्व दिशा में स्थित है।**
**2. राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला राजसमंद है।**
**3. सोजत और मारवाड़ जंक्शन दोनों पाली जिले के अंतर्गत आते हैं।**
**4.अक्षांशों के आधार पर झुंझुनूं, जोधपुर से अधिक उत्तर में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

2. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. राजस्थान स्थित थार मरुस्थल को टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।**
**2. राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थल है।**
**3. 'थार' मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी है।**
**4. थार मरुस्थल मुख्यतः अरावली पर्वतमाला के पूर्वी भाग में स्थित है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) सभी 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

3. **राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. राजस्थान कर्क रेखा के उत्तर में स्थित होने के कारण शीत कटिबन्ध में आता है।**
**2. समुद्र से अधिक दूरी के कारण राजस्थान में महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।**
**3. अरावली पर्वतमाला की दिशा मानसूनी हवाओं के समानान्तर होने से वर्षा कम होती है।**
**4. माउंट आबू अधिक ऊँचाई पर होने के कारण अपेक्षाकृत ठण्डा रहता है।**
**5. पश्चिमी विक्षोभ से राजस्थान में सर्दियों में मावठ की वर्षा होती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) केवल 1 और 2 असंगत हैं (b) केवल 1 असंगत है
(c) केवल 2 और 3 संगत हैं (d) केवल 3 और 5 असंगत हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

4. **निम्नलिखित पर विचार कीजिए -**
**कथन (A): घग्घर नदी को राजस्थान में "मृत नदी" कहा जाता है।**
**कारण (R): क्योंकि घग्घर नदी समुद्र तक नहीं पहुँचती और अंतः प्रवाहित होकर मरुस्थलीय क्षेत्र में समाप्त हो जाती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

5. **सूची-I को सूची II से सुमेलित करें –**

| | सूची-I (मृदा) | | सूची-II(अभिलक्षण) |
|---|---|---|---|
| (a) | नवीन जलोढ़ मृदा | (I) | नाइट्रोजन और पोटाश की कमी |
| (b) | काली मिट्टी | (II) | खादर |
| (c) | लेटेराइट मिट्टी | (III) | ककड़ और पत्थर |
| (d) | पर्वतीय मिट्टी | (IV) | पोटाश और लाइम (चून) की प्रचुरता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) A-I, B-II, C-III, D-IV
(b) A-IV, B-III, C-II, D-I
(c) A-II, B-IV, C-III, D-I
(d) A-II, B-IV, C-I, D-III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

6. **पलाश वनों की विशेषताएँ क्या हैं?**
**A. ये वन उन क्षेत्रों में फैले हैं जहाँ का धरातल पथरीला एवं कठोर है।**
**B. ये पहाड़ियों के उन क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में पाये जाते है जहाँ पठारी भूमि उपलब्ध है।**
**C. इस प्रकार के वन केवल माउंट आबू क्षेत्र में पाये जाते हैं।**
**D. ये वन मैदानों में भी पाये जाते हैं जहाँ कंकड़ हैं और मृदा कम मात्रा में पायी जाती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(a) केवल A, C, D (b) केवल A, B, C
(c) केवल B, C, D (d) केवल A, B, D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

7. **राजस्थान में जनजातीय जनसंख्या (जनगणना 2011) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. राजस्थान में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या का 13.5% है।**
**2. अनुसूचित जनजातियों की संख्या के आधार पर राजस्थान का देश में चौथा स्थान है।**
**3. कुल जनसंख्या में जनजातीय प्रतिशत के आधार पर राजस्थान का देश में 13वाँ स्थान है।**
**4. राजस्थान में जनजातियों की सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर मीणा जनजाति में दर्ज की गई।**
**5. राजस्थान में जनजातियों का सर्वाधिक लिंगानुपात डूंगरपुर जिले में पाया जाता है।**
**उपरोक्त में से कौन-से कथन संगत हैं?**
(a) केवल 1, 2, 3 और 5 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5 (d) केवल 1, 2, 4 और 5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (Assertion – A): जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान का भारत में जनसंख्या की दृष्टि से 8वाँ स्थान था।**
**कारण (Reason – R): क्योंकि उस समय तेलंगाना राज्य अस्तित्व में नहीं आया था और आंध्र प्रदेश एक संयुक्त राज्य था।**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है, लेकिन R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करे -**

| सूची-I (राजस्थान में फसल) | सूची-II (आवश्यक वर्षा) |
|---|---|
| A. मक्का | I. 100 सेमी-120 सेमी |
| B. ज्वार | II. 50 सेमी-100 सेमी |
| C. गन्ना | III. 50 सेमी-125 सेमी |
| D. मूंगफली | IV. 40 सेमी-80 सेमी |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) A-I, B-II, C-III D-IV
(c) A-I, B-IV, C-II, D-III
(c) A-IV, B-III, C-II, D-I
(d) A-II, B-IV, C-I, D-III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असंगत है?**
(a) केन्द्रीय ऊंट प्रजनन केन्द्र – जोहड़बीड़ (बीकानेर)
(b) भैंस प्रजनन केन्द्र – वल्लभनगर (उदयपुर)
(c) बकरी विकास एवं चारा उत्पादन केन्द्र – बस्सी (जयपुर)
(d) सुअर फार्म – अलवर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. निम्नलिखित राज्यों को उनके क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें।**
**(A) राजस्थान** **(B) हरियाणा**
**(C) उत्तर प्रदेश** **(D) गुजरात**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) A, C, B, D
(b) B, D, C, A
(c) D, B, C, A
(d) A, C, D, B
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. निम्नलिखित पर विचार कीजिए –**
**कथन (A): राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी पठारी भाग में औसत वार्षिक वर्षा 80 सेमी. से 120 सेमी. के मध्य होती है।**
**कारण (R): क्योंकि राजस्थान में स्थित थार मरुस्थल राज्य के पश्चिमी भाग में फैला है, जहाँ वर्षा अत्यल्प होती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए—**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. निम्नलिखित पर विचार कीजिए -**
**कथन (A): राजस्थान में समुद्र का प्रभाव नगण्य होने के कारण महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।**
**कारण (B): क्योंकि राजस्थान अरब सागर से काफी दूरी पर स्थित है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. सुमेलित कीजिए-**

| मुख्य नदी | सहायक नदियाँ |
|---|---|
| (A) चम्बल | (1) खारी, बांडी |
| (B) माही | (2) सिवान, परवन |
| (C) साबरमती | (3) अनास, चाप |
| (D) बनास | (4) वाकल, हथमति |

**कूट:-**
(a) A-2, B-3, C-4, D-1 (b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-4, B-3, C-2, D-1 (d) A-3, B-4, C-1, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. ओरण भूमि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. ओरण राजस्थान के पवित्र वन क्षेत्र हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से ग्रामीण समुदाय द्वारा संरक्षित किया जाता है।**
**2. ओरण मुख्यतः औद्योगिक उपयोग के लिए संरक्षित वन क्षेत्र होते हैं।**
**3. ओरण सामाजिक-धार्मिक परंपरा के तहत स्थानीय देवताओं को समर्पित होते हैं।**
**4. ओरण प्राकृतिक जल संरक्षण, चरागाह और जैव विविधता संरक्षण में सहायक होते हैं।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असंगत है?**
(a) केवल 2
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. कॉलम-I (उत्कृष्टता केन्द्र का स्थान) को कॉलम-II (उद्यानिकी फसल) से सुमेलित कर नीचे दिए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| कॉलम-I | कॉलम-II |
|---|---|
| A. बस्सी | (I) आम |
| B. सगरा भोजका | (II) सीताफल |
| C. देवड़ावास | (III) अनार |
| D. खेमरी | (IV) अमरूद |
| | (V) खजूर |

**कूट:**
(a) A-III, B-I, C-II, D-V
(b) A-I, B-II, C-III, D-IV
(c) A-III, B-V, C-IV, D-I
(d) A-IV, B-III, C-V, D-I
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. भीलवाड़ा को राजस्थान का मैनचेस्टर कहा जाता है।**
**2. भीलवाड़ा सूती एवं सिंथेटिक वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।**
**3. भीलवाड़ा को सीमेंट उद्योग के कारण राजस्थान का मैनचेस्टर कहा जाता है।**
**4. भिवाड़ी को राजस्थान का उभरता मैनचेस्टर कहा जाता है।**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. नीचे दो कथन दिए गए है: एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।**
**अभिकथन A : जयपुर स्थित जंतर-मंतर का निर्माण महाराजां सवाई जय सिंह II द्वारा किया गया था।**
**कारण R : यह यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है।**
**उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(a) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(b) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(c) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(d) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. सूची-I (पुरातात्विक स्थल) को सूची-II (संबंधित जिले) से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I (स्थल) | सूची-II (जिला) |
|---|---|
| (A) कुराड़ा व खुरड़ी | (I) अजमेर |
| (B) बूढ़ा पुष्कर व होकरा | (II) जैसलमेर |
| (C) कुण्डा व ओला | (III) डीडवाना-कुचामन |
| (D) आलनियाँ व दर्रा | (IV) श्रीगंगानगर |
| (E) बरोर व बिनजौर | (V) कोटा |
| (F) लाछुरा व जहाजपुर | (VI) भीलवाड़ा |

**सही कूट का चयन कीजिए:**
(a) A-III, B-I, C-II, D-V, E-IV, F-VI
(b) A-III, B-II, C-I, D-V, E-IV, F-VI
(c) A-I, B-III, C-II, D-IV, E-V, F-VI
(d) A-III, B-I, C-II, D-IV, E-V, F-VI
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. गुर्जर-प्रतिहार राजवंश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए–**
**1. प्रतिहार स्वयं को भगवान राम के भाई लक्ष्मण का वंशज और रघुवंशी क्षत्रिय मानते हैं।**
**2. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने प्रतिहारों के लिए 'कू-चे-लो' शब्द का प्रयोग किया है।**
**3. अरब यात्रियों ने इन शासकों को 'जुर्ज' कहकर पुकारा है।**
**4. घटियाला शिलालेख और बाउक प्रशस्ति में प्रतिहारों को 'ब्राह्मण' बताया गया है।**
(a) केवल 1 और 2 सही हैं। (b) केवल 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) केवल 2, 3 और 4 सही हैं। (d) सभी कथन सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. शाकंभरी (सांभर) के चौहान शासक वासुदेव चौहान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. वासुदेव चौहान को चौहान राजवंश का 'आदिपुरुष' और 'मूलपुरुष' माना जाता है।**
**2. बिजौलिया शिलालेख (1170 ई.) के अनुसार, इन्होंने 551 ई. के लगभग सपादलक्ष में चौहान वंश की नींव रखी थी।**
**3. इन्होंने अपनी प्रारंभिक राजधानी अहिच्छत्रपुर (वर्तमान नागौर) को बनाया था।**
**4. बिजौलिया शिलालेख के अनुसार, सांभर झील के निर्माण का श्रेय भी वासुदेव चौहान को दिया जाता है।**
**5. राजशेखर के 'प्रबंधकोष' और डॉ. दशरथ शर्मा के ग्रंथ 'द अर्ली चौहान डायनेस्टी' से भी इनके बारे में ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त होती है।**
**सही कूट (Code) का चयन करें:**
(a) केवल 1, 2 और 5 सही हैं।
(b) केवल 3 और 4 सही हैं।
(c) सभी कथन सत्य हैं।
(d) केवल 2, 3 और 4 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. मेवाड़ के गुहिल शासक जैत्रसिंह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. जैत्रसिंह ने परमारों को पराजित कर चित्तौड़ पर अधिकार किया और उसे अपनी नई राजधानी बनाया।**
**2. भूताला के युद्ध (1227 ई.) का वर्णन जयसिंह सूरी के ग्रंथ 'हम्मीर मदमर्दन' में मिलता है, जिसमें इल्तुतमिश को 'हम्मीर' कहा गया है।**
**3. जैत्रसिंह के कुशल और पराक्रमी सेनापतियों के नाम 'मदन और बालक' थे।**
**4. इतिहासकार जी.एच. ओझा ने जैत्रसिंह को 'रण रसिक' की संज्ञा दी है।**
**5. डॉ. दशरथ शर्मा के अनुसार जैत्रसिंह का शासनकाल 'मध्यकालीन मेवाड़ का स्वर्णकाल' माना जाता है।**
**सही कूट (Code) का चयन करें:**
(a) केवल 1, 2 और 5 सही हैं।
(b) केवल 3 और 4 सही हैं।
(c) केवल 2, 4 और 5 सही हैं।
(d) सभी कथन सत्य हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. अलाउद्दीन खिलजी के चित्तौड़ आक्रमण (1303 ई.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए–**
**1. अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 ई. को लगभग 07 माह के घेरे के बाद चित्तौड़ पर अधिकार किया था।**
**2. चित्तौड़ के प्रथम साके में रानी पद्मिनी के नेतृत्व में लगभग 1600 वीरांगनाओं ने जौहर किया था।**
**3. विजय के पश्चात अलाउद्दीन ने चित्तौड़ का नाम बदलकर 'खिज्राबाद' कर दिया और अपने पुत्र खिज्र खाँ को वहां का प्रशासक नियुक्त किया।**
**4. खिज्र खाँ ने चित्तौड़गढ़ की तलहटी में एक मकबरे का निर्माण करवाया, जिसके फारसी लेख में खिलजी को 'ईश्वर की छाया' और 'संसार का रक्षक' कहा गया है।**
**5. इस युद्ध के दौरान अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ की जनता के प्रति उदारता दिखाते हुए नरसंहार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 5
(c) केवल 2 और 4 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. खानवा के युद्ध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए सही कूट का चयन कीजिए–**
**1. यह युद्ध 17 मार्च, 1527 को भरतपुर की रूपवास तहसील में बाबर और राणा सांगा के मध्य लड़ा गया।**
**2. इस युद्ध में विजय के बाद भारत में मुगल सत्ता की वास्तविक स्थापना हुई।**
**3. बाबर ने इस युद्ध में 'तुलुगमा पद्धति' और 'तोपखाने' का सफल प्रयोग किया था।**
**4. राणा सांगा ने युद्ध हेतु हिंदू शासकों को एकत्रित करने के लिए 'पाती परवन' परंपरा को पुनर्जीवित किया।**
**5. युद्ध जीतने के लिए बाबर ने 'तमगा कर' (व्यापारिक कर) को बढ़ा दिया और जिहाद की घोषणा की।**
**उपरोक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. राव चन्द्रसेन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने राव चन्द्रसेन को ‘मारवाड़ का भूला-बिसरा राजा’ (Forgotten Hero of Marwar) कहा है।**
**2. राव चन्द्रसेन को महाराणा प्रताप का 'अग्रगामी' और 'पथ-प्रदर्शक' माना जाता है।**
**3. विश्वेश्वर नाथ रेऊ ने राव चन्द्रसेन की तुलना प्रताप से करते हुए उन्हें ‘मारवाड़ का प्रताप’ कहा है।**
**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) कोई भी नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. राजस्थान में 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित केन्द्रों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए**
**(अ) एरिनपुरा (ब) नीमच**
**(स) नसीराबाद (द) आउवा**
(a) (द), (ब), (अ), (स)
(b) (स), (अ), (द), (ब)
(c) (स), (ब), (अ), (द)
(d) (अ), (स), (ब), (द)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. 1857 की क्रांति के दौरान नसीराबाद छावनी में हुए विद्रोह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**I. नसीराबाद छावनी में 15वीं व 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री, भारतीय तोपखाना टुकड़ी तथा पहली बंबई लांसर्स के सैनिक तैनात थे।**
**II. नसीराबाद में विद्रोह का प्रारंभ 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिकों द्वारा बख्तावर सिंह के नेतृत्व में किया गया था।**
**III. 30 मई 1857 को 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिक भी इस विद्रोह में सम्मिलित हो गए थे।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. समाचार पत्र सम्पादक सुमेलित कीजिये -**

| | |
|---|---|
| **(A) राजस्थान पत्रिका** | **1. समर्थ दान** |
| **(B) राजस्थान समाचार** | **2. रामप्रताप शर्मा** |
| **(C) सर्वहित** | **3. जय नारायण व्यास** |
| **(D) आंगीवाण** | **4. बख्शी लक्ष्मण सिंह** |

(a) A-4, B-2, C-1, D-3 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-4, B-1, C-2, D-3 (d) A-1, B-2, C-3, D-4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें–**
**कथन (A): राजस्थान के अधिकांश प्रजामंडल आंदोलनों का मुख्य लक्ष्य ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना और रियासतों में पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करना था।**
**कारण (R): प्रजामंडल 'उत्तरदायी शासन' (Responsible Government) की स्थापना और राजाओं के संरक्षण में नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए गठित किए गए थे।**
**कूट (Codes):**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. बिजोलिया आन्दोलन के विषय में कौन-से कथन सत्य है?**
**1.1903 ई. में, राव कृष्ण सिंह ने बिजोलिया क्षेत्र में चंवरी कर लगाया।**
**2. पृथ्वी सिंह ने मेवाड़ द्वारा नये जागीरदार से 'तलवार बंधाई' के रूप में ली गई रकम का भार जनता पर डाल दिया।**
**3. विरोध स्वरूप किसानों ने सम्पूर्ण जागीर में हल नहीं चलाया।**
**4. पृथ्वी सिंह ने गलती को समझा और किसानों को कुछ रियायतें देने की घोषणा की।**
**कूट:-**
(a) 2, 3, 4 (b) 1, 2, 3
(c) 1, 3, 4 (d) 1 और 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. उदयपुर राज्य में वर्ष 1818 में भील विद्रोह के कारण थे-**
**1. भीलों को सेना में से निकालना।**
**2. अंग्रेजों की भील दमन नीति।**
**3. वनों पर राज्य का अधिकार।**
**4. भीलों के रखवाली एवं बोलाई कर वसूल करने का अधिकार समाप्त।**
(a) 1, 2 (b) 1, 4
(c) 1, 3, 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**32. राजस्थान के एकीकरण से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए:**
**A. 1950 ई. में सिरोही राज्य का दो भागों में विभाजन कर दिया गया।**
**B. 1950 ई. में सिरोही राज्य की आबू रोड एवं दिलवाड़ा तहसील बंबई प्रान्त में मिला दी गई थीं।**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिये:**
(a) केवल A सही है। (b) केवल B सही है।
(c) A और B दोनों सही हैं। (d) A और B दोनों गलत हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**33. राजस्थान के प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर पीरू सिंह शेखावत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) मेजर पीरू सिंह शेखावत का जन्म झुंझुनूं जिले के रामपुरा बेरी गाँव में हुआ था और वे 6 राजपूताना राइफल्स में भर्ती हुए थे।**
**(II) जुलाई 1948 में जम्मू-कश्मीर के तिथवाल क्षेत्र में अद्वितीय साहस दिखाते हुए उन्होंने दुश्मन के ठिकानों को नष्ट किया था।**
**(III) उन्हें भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत 'परमवीर चक्र' से सम्मानित किया गया और वे यह सम्मान पाने वाले पहले राजस्थानी थे।**
**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल (I) और (II) (b) केवल (II) और (III)
(c) केवल (I) और (III) (d) (I), (II) और (III)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**34. लोकदेवता तेजाजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए असत्य कूट का चयन कीजिए–**
**कथन:**
**1. तेजाजी का जन्म खरनाल में नागवंशीय जाट परिवार में हुआ था।**
**2. इन्हें 'काला और बाला के देवता' तथा 'कृषि कार्यों के उपकारक देवता' के रूप में पूजा जाता है।**
**3. तेजाजी ने लाछा गुर्जरी की गायों को मेर के मीणाओं से छुड़ाने हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग किया था।**
**4. इनका मुख्य मेला भाद्रपद शुक्ल दशमी को परबतसर में भरता है, जो आय की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा पशु मेला है।**
**5. तेजाजी का नया मंदिर बनाने के लिए भावतां से ज्योति लाई जाती है।**
**कूट (Options):**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 5
(c) केवल 3 और 5 (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**35. सुमेलित कीजिए-**

| कुलदेवी | जाति |
|---|---|
| **(A) करणी माता** | **(1) नाई** |
| **(B) सकराय माता** | **(2) सीरवी** |
| **(C) आई माता** | **(3) खण्डेलवाल** |
| **(D) नारायणी माता** | **(4) चारण** |

**कूट:**
(a) A-4, B-3, C-2, D-1
(b) A-4, B-3, C-1, D-2
(c) A-1, B-2, C-3, D-4
(d) A-3, B-2, C-4, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. गागरोण दुर्ग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: यह दुर्ग कालीसिंध और आहू नदी के संगम पर स्थित एक 'जल दुर्ग' (औदक दुर्ग) है, जिसका निर्माण 11वीं सदी में परमार शासकों द्वारा करवाया गया था।**
**कथन II: इस दुर्ग का प्राचीन नाम 'गर्गराटपुर' था और इसे डोडगढ़ या धुलरगढ़ के नाम से भी जाना जाता है।**
**कथन III: यहाँ सूफी संत 'मिट्ठे साहब' की दरगाह, औरंगजेब द्वारा निर्मित बुलंद दरवाजा और संत पीपा की छतरी स्थित है।**
**कथन IV: दुर्ग में स्थित विशाल परकोटे का निर्माण कोटा के शासक दुर्जनशाल द्वारा करवाया गया था, जिसे 'जालिमकोट' कहा जाता है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल I, II और III (b) केवल II, III और IV
(c) केवल I और III (d) I, II, III और IV सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**I. इस मंदिर का निर्माण 1671-72 ई. में मेवाड़ के महाराणा राजसिंह द्वारा करवाया गया था।**
**II. यह वल्लभ संप्रदाय का भारत में सबसे प्रमुख और बड़ा मंदिर केंद्र है।**
**III. यहाँ कार्तिक शुक्ल एकम को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है, जिसमें 'भीलों की लूट' प्रसिद्ध है।**
**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल I और III (b) केवल II
(c) I, II और III सभी (d) केवल I और II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. उम्मेद भवन पैलेस (जोधपुर) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इस महल का निर्माण महाराजा उम्मेदसिंह द्वारा अकाल राहत कार्यों के तहत करवाया गया था।**
**2. यह महल 'छीतर पत्थर' से निर्मित होने के कारण 'छीतर पैलेस' के नाम से भी जाना जाता है।**
**3. इसके मुख्य वास्तुविद् (Architect) हेनरी वॉगन लेंचेस्टर थे।**
**4. यह विश्व के सबसे बड़े रिहायशी महलों में से एक है और 'इंडो-डेको' शैली में बना है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. उस/उन चित्रशैली/शैलियों को चिह्नित कीजिए, जहाँ मतिराम की साहित्यिक रचना रसराज का विषयवस्तु के रूप में उपयोग हुआ है :**
**(i) जोधपुर** **(ii) जयपुर**
**(iii) अलवर** **(iv) बीकानेर**
**सही कूट का चयन कीजिए :**
(a) केवल (iv) (b) (i) एवं (iv)
(c) (ii) एवं (iii) (d) केवल (i)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. राजस्थान के प्रमुख पशु मेलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. चन्द्रभागा पशु मेला झालावाड़ के झालरापाटन में कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी तक चन्द्रभागा नदी के किनारे आयोजित होता है।**

**2. श्री मल्लीनाथ पशु मेला तिलवाड़ा में लूणी नदी के किनारे चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी तक आयोजित किया जाता है।**

**3. गोगामेड़ी पशु मेला हनुमानगढ़ में श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तक आयोजित होता है, जबकि रामदेव पशु मेला नागौर के मानासर में भरता है।**

**4. महाशिवरात्रि पशु मेला करौली में फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी को लगता है और बदराना पशु मेला शेखावाटी क्षेत्र (नवलगढ़) का प्रसिद्ध मेला है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4 सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. राजस्थान की जनजातीय प्रथाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: नाता प्रथा आदिवासियों में प्रचलित पुनर्विवाह का एक प्रकार है, जिसमें स्त्री अपने पति को छोड़कर किसी अन्य पुरुष के साथ रहने लगती है।**

**कथन II: भील जनजाति में 'छेड़ा-फाड़ना' परंपरा का संबंध तलाक (विवाह विच्छेद) से है।**

**कथन III: अट्टा-सट्टा प्रथा का तात्पर्य उस विवाह से है जिसमें लड़की के बदले में उसी घर की लड़की को बहू के रूप में लिया जाता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III (सभी सत्य हैं)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. सूची-II में दिए गए आभूषणों का मिलान सूची-I में दिए गए शरीर के उन हिस्सों से करें जहाँ उन्हें पहना जाता है।**

| सूची-I (शरीर के वे हिस्से जहाँ आभूषण पहना जाता है) | सूची-II (आभूषण) |
|---|---|
| A.पैर | I.आड़ |
| B.सिर | II.झेला |
| C.गर्दन | III.लंगर |
| D.कान | IV बोरला |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(a) A-I, B-IV, C-II, D-III (b) A-I, B-II, C-III, D-IV
(c) A-II, B-I, C-IV, D-III (d) A-III, B-IV, C-I, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. राजस्थान के विरह एवं अन्य लोकगीतों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**I. 'मलजी' सिरोही क्षेत्र का प्रसिद्ध विरह गीत है।**

**II. शेखावाटी प्रदेश में वर्षा ऋतु के आगमन पर 'बादली' गीत गाया जाता है।**

**III. 'कुरजाँ' गीत में विरहिणी पक्षी के माध्यम से अपने प्रियतम को संदेश भेजती है।**

**कूट (Code):**

(a) केवल I और II सत्य हैं।
(b) केवल II और III सत्य हैं।
(c) केवल I और III सत्य हैं।
(d) I, II और III तीनों सत्य हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. सूची-I (लोक देवी) को सूची-II (स्थान/विशेषता) से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (लोक देवी) | सूची-II (स्थान/विशेषता) |
|---|---|
| (A) हिचकी माता | (I) बेड़च नदी के किनारे आकोला |
| (B) जलदेवी | (II) राजसमंद झील की पाल |
| (C) घेवर माता | (III) बसंतगढ़ (सिरोही) |
| (D) क्षेमकरी माता | (IV) बावड़ी गाँव (टोंक) |
| (E) बड़ली माता | (V) सनवाड़ गाँव (सवाई माधोपुर) |

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

**विकल्प-**

(a) A-V, B-IV, C-II, D-III, E-I
(b) A-V, B-IV, C-III, D-II, E-I
(c) A-IV, B-V, C-II, D-III, E-I
(d) A-V, B-II, C-IV, D-I, E-III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. नागर शैली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**I. नागर शैली के मंदिरों का विस्तार हिमालय से लेकर विंध्याचल पर्वतमाला के मध्य क्षेत्र तक पाया जाता है।**

**II. इस शैली में मंदिर एक ऊँचे चबूतरे पर बने होते हैं, जिसे 'जगती' कहा जाता है।**

**III. प्रसिद्ध विद्वान पर्सी ब्राउन ने नागर शैली को 'उत्तर भारतीय आर्य शैली' की संज्ञा दी है।**

**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सुमेलित नहीं है ?**

| **ग्रंथ** | **लेखक** |
|---|---|
| (a) राजविलास | : कवि मान |
| (b) बुद्धिविलास | : बख्तराम साह |
| (c) भीमविलास | : कवि जदुनाथ |
| (d) विजयविलास | : विशन सिंह बारहठ |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. राजस्थान के राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**(a) उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।**

**(b) उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए।**

**(c) उसमें लोक सभा का सदस्य बनने की योग्यता होनी चाहिए।**

**(d) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।**

**कूट:**

(a) 3 तथा 4 सही हैं। (b) 1, 2 तथा 4 सही हैं।
(c) 1, 2 तथा 3 सही हैं। (d) 2 तथा 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. राजस्थान के मुख्यमंत्री को चिह्नित कीजिए, जिन्होंने राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया-**
**1. मोहन लाल सुखाड़िया 2. हीरा लाल देवपुरा**
**3. शिव चरण माथुर 4. जगन्नाथ पहाड़िया**
(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. विधानसभा अध्यक्ष के संबंध निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. दलबदल कानून पर निर्णय देता है।**
**2. वित्त विधेयक का प्रमाणन करता है।**
**3. त्यागपत्र राज्यपाल को देता है।**
**4. गुप्त बैठक की अनुमति दे सकता है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए**
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 3
(c) 2, 4 (d) 1, 2, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. राज्य के उच्च न्यायालय के बारे में निम्नलिखित पर विचार कीजिए-**
**1. संविधान के अनुच्छेद 213 में प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य में एक उच्च न्यायालय होगा।**
**2. राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।**
**3. अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय को कुछ लेख (Writs) जारी करने का अधिकार है।**
**4. भारतीय संविधान के प्रावधान के तदनुसार दो तथा दो से अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय का गठन किया जा सकता है।**
**कूट:**
(a) 2, 3 तथा 4 सही हैं।
(b) 1, 3 तथा 4 सही हैं।
(c) 1 तथा 2 सही हैं।
(d) 1, 2 तथा 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. राजस्थान में पंचायती राज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से सही विकल्प का चुनाव करें-**
**1. जोधपुर, भरतपुर, जयपुर, सिरोही, उदयपुर और करौली रियासतों ने पंचायतों पर कानून बनाए।**
**2. बीकानेर राज्य का अपना ग्राम पंचायत अधिनियम बहुत पहले 1928 में था।**
**3. 1949 में राजस्थान पंचायत अधिनियम बनाया गया और पूरे राज्य में ग्राम पंचायतों की स्थापना की गई।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए**
(a) 1, 2 और 3 सही है।
(b) 1 और 2 सही हैं।
(c) 2 और 3 सही हैं।
(d) 1 और 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. नगरपालिकाओं से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए- 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992**
**1. इससे संविधान में भाग IX-A जोड़ा गया।**
**2. 12वीं अनुसूची जोड़ी गई।**
**3. नगरपालिकाओं का कार्यकाल 6 वर्ष निर्धारित किया गया।**
**4. अनुच्छेद 243P से 243ZG जोड़े गए।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए**
**कूट:**
(a) 1, 2 तथा 4 सही हैं। (b) 1 तथा 3 सही हैं।
(c) 2, 3 तथा 4 सही हैं। (d) 1, 2, 3 तथा 4 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. मुख्य सचिव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**
**1. राज्य प्रशासन का सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी है।**
**2. सचिवालय का किंगपिन कहा जाता है।**
**3. राज्यपाल का राजनीतिक प्रमुख होता है।**
**4. लोक सेवाओं का प्रमुख होता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) 1, 2 (b) 1, 2, 4
(c) 2, 3 (d) 3, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. आधुनिक जिला प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. कलेक्टर का पद 1772 में वारेन हेस्टिंग्स द्वारा सृजित किया गया।**
**2. प्रथम कलेक्टर रॉल्फ शेल्डन थे।**
**3. कलेक्टर पद का सृजन लॉर्ड कॉर्नवालिस ने किया।**
**4. कलेक्टर पद की स्थापना राजस्व प्रशासन से संबंधित थी।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1. RPSC का गठन 20 अगस्त 1949 को अधिसूचना प्रकाशन से संबंधित है।**
**2. इसकी स्थापना 22 दिसम्बर 1949 को प्रभाव में आई।**
**3. प्रारम्भ में मुख्यालय अजमेर में था।**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) केवल 1 (d) 1,2,3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. राजस्थान राज्य महिला आयोग के संबंध में कौन-सा /कौन-से कथन सत्य है/हैं?**
**1. आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल करता है।**
**2. आयोग का गठन 15 मई, 1999 को हुआ।**
**3. यह गैर-संवैधानिक व परामर्शकारी निकाय है।**
**4. इसका कार्य महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें सुनना तथा उनकी जाँच करना है।**
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2 (d) 1, 2, 3, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. राज्य में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के संदर्भ में असत्य कथन हैं?**
(a) यह योजना वर्ष 2025 में शुरु की गई है।
(b) राज्य सरकार योजना के तहत योग्य लड़कियों को उनके विवाह के समय 20,000 से 30,000 रुपए की सहायता प्रदान करती है।
(c) आवेदक विवाह के तीन वर्ष तक योजना के तहत मिलने वाले लाभ के लिए आवेदन कर सकेंगे।
(d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. कौन-सा शहर राजस्थान का 'मैनचेस्टर' कहा जा सकता है?**
(a) कोटा (b) पाली
(c) ब्यावर (d) भीलवाड़ा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. राजस्थान की पहली कपड़ा मिल कृष्णा मिल, ब्यावर की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी?**
(a) 1906 में (b) 1889 में
(c) 1938 में (d) 1925 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. प्रसिद्ध मीनाकारी 'थेवा कला' का संबंध किस स्थान से है?**
(a) प्रतापगढ़ (b) जयपुर
(c) बाड़मेर (d) बीकानेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. राजस्थान के एक कृषि जलवायु प्रदेश के सम्बन्ध में निम्न तथ्यों को पढ़कर कृषि जलवायु प्रदेश को पहचानिये-**
**1. इस प्रदेश की औसत वर्षा 30 से 50 सेमी. है।**
**2. इस प्रदेश में लाल रेतीली तथा सीरोजेम मृदा पायी जाती हैं।**
**3. गेहूँ, सरसों एवं तिल इस प्रदेश की प्रमुख रबी की फसलें हैं।**
(a) I-C (b) III-A
(c) 11-A (d) II-B
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. राजस्थान की 60% से अधिक जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किस क्षेत्र पर निर्भर है?**
(a) सेवा (b) उद्योग
(c) पर्यटन (d) कृषि
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्थान का अनुमानित GSDP (प्रचलित कीमतों पर) कितना है?**
(a) ₹17.04 लाख करोड़ (b) ₹18.50 लाख करोड़
(c) ₹19.89 लाख करोड़ (d) ₹21.00 लाख करोड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. कुरी शब्द राजस्थान में किसे संदर्भित करता है?**
(a) हर आठवें वर्ष का अकाल
(b) बाढ़ का समय
(c) तीन साल के अंतराल पर आने वाला अर्ध अकाल
(d) अकाल राहत योजना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. प्रधानमंत्री कुसुम योजना कब शुरू की गई थी?**
(a) मार्च 2018 (b) मार्च 2019
(c) जुलाई 2020 (d) अगस्त 2021
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. RIICO की स्थापना कब हुई थी?**
(a) 1965 (b) 1972
(c) 1980 (d) 1985
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. 1305, 4665 और 6905 में एक 4 अंकों की संख्या N से भाग देने पर शेष समान आता है। संख्या N के अंकों का योग कितना होगा?**
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. एक परीक्षा में, किसी कक्षा में लड़कों के औसत अंक 81 हैं, जबकि लड़कियों के औसत अंक 89 हैं। यदि कक्षा के औसत अंक 84 हैं, तो कक्षा में लड़कों और लड़कियों की संख्या में अनुपात क्या है ?**
(a) 8:5 (b) 5:3
(c) 9:8 (d) 3:5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. यदि किसी व्यक्ति को वि.मू. पर 20% की हानि होती है, तो उसके हानि का प्रतिशत ज्ञात करें-**
(a) 20% (b) 25%
(c) $\frac{40}{3}\%$ (d) $\frac{50}{3}\%$
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. दो उम्मीदवारों के बीच एक चुनाव में 20% मतदाताओं ने अपना वोट नहीं डाला और 120 वोट अवैध घोषित किए गए। यदि विजेता को वैध वोटों का 75% मिलता है और वह 1800 वोटों के अंतर से जीत जाता है, तो मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए।**
(a) 4500 (b) 4590
(c) 4650 (d) 4680
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. एक परीक्षा जिसका पूर्णांक 500 है। अजय को 145 अंक प्राप्त हुए, अजय को कितने % अंक प्राप्त हुए?**
(a) 29 % (b) 24 %
(c) 19 % (d) 55 %
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. 848 रुपये ऋण को 9% दर से 4 समान वार्षिक किस्तों से भुगतान किया जाता है, तो किस्त का मूल्य बताओ–**
(a) 220 रु. (b) 200 रु.
(c) 350 रु. (d) 150 रु.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. 588 मीटर लम्बे और 50 मीटर चौड़े एक आयताकार खेते में एक 30 मीटर लम्बा, 20 मीटर चौड़ा व 12 मीटर गहरा टांका खोदा जाता है। इस प्रकार खोद कर निकाली गई मिट्टी बालू को खेत के शेष भाग में एक समान रूप से फैला दिया जाता है। इससे खेत की बढ़ी हुई ऊँचाई होगी-**
(a) 25 मीटर (b) 2.5 सेमी
(c) 2.5 मीटर (d) 25 सेमी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. माँ, बेटियों सुनन्दा और गिरिजा में ₹ 2492, उनकी आयु के अनुपात में बाँटना चाहती है। यदि गिरिजा की आयु 16 वर्ष तथा सुनन्दा की आयु 12 वर्ष है, तब सुनन्दा प्राप्त करेगी-**
(a) ₹1424 (b) ₹978
(c) ₹1068 (d) ₹1384
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. एक आयताकार कमरा 12 मीटर लम्बा, 6 मीटर चौड़ा तथा 4 मीटर ऊँचा है। इसमें दो दरवाजे प्रत्येक 2 मीटर ×1 मीटर के एवं 2 खिड़कियाँ प्रत्येक 1.5 मीटर ×1 मीटर की है। यदि दीवारों पर रंग करवाने की दर 15 रु. प्रति वर्ग मीटर है, तो दीवारों पर रंग करवाने का कुल व्यय है-**

(a) 1955 रु. (b) 2010 रु.
(c) 2155 रु. (d) 2055 रु.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. A, B तथा C एक कार्य को क्रमश: 10 घण्टे, 12 घण्टे तथा 15 घण्टे में समाप्त कर सकते हैं, तीनों मिलकर इस कार्य को कितने घण्टे में समाप्त कर सकेंगे?**


(a) 4 घण्टे (b) 5 घण्टे
(c) 6 घण्टे (d) 8 घण्टे
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. 10 आदमी किसी काम को 18 दिनों में कर सकते हैं यदि 6 दिनों बाद 5 आदमी और शामिल हो जाएँ, तो शेष काम कितने दिनों में समाप्त हो जाएगा?**


(a) 4 दिन (b) 6 दिन
(c) 8 दिन (d) 10 दिन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**निर्देश (78-80): नीचे दिए गए पाई-चार्ट का अध्ययन कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

**जिन्हें अलग-अलग फल पसन्द हैं ऐसे विभिन्न गाँवों में रहने वाले 5800 ग्रामवासियों का सर्वेक्षण, पसंदीदा फल**




**विभिन्न गाँवों में रहने वाले लोग**




**78. कुल कितने लोगों को सेब और अंगूर दोनों पसंद हैं ?**

(a) 1300 (b) 1286
(c) 1334 (d) 1420
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. गाँव D के 20% लोगों का पसंदीदा फल केला है और उसी गाँव के 12% लोगों का पसंदीदा फल अमरूद है। उस गाँव के कितने लोगों को दूसरे फल पसन्द हैं?**

(a) 986 (b) 896
(c) 874 (d) 968
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. कुल कितने लोगों को सीताफल पसन्द हैं ?**

(a) 850 (b) 864
(c) 870 (d) 812
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. एक किताब का क्रय मूल्य 200 रु. है। यदि इसे 10% लाभ पर बेचा जाए तो किताब का विक्रय मूल्य होगा?**

(a) 220 रु. (b) 120 रु.
(c) 50 रु. (d) 150 रु.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. निम्नलिखित में से कौनसी भौतिक परिवर्तन की विशेषता नहीं है?**

(a) नए पदार्थ का निर्माण होता है।
(b) परिवर्तन अस्थायी होता है।
(c) कारण हटाने पर पुनः पूर्व अवस्था मिल जाती है।
(d) केवल भौतिक गुण बदलते हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. निम्न में से क्या लोहे को जंग लगने से बचाने के लिए किया जाता है?**

**1. लोहे की वस्तुओं पर क्रोमियम का लेपन**
**2. लोहे की वस्तुओं का जल में संग्रहण**
**3 .लोहे की वस्तुओं पर ग्रीस लगाना**
**4. लोहे को अन्य तत्त्वों के साथ मिलाकर जंग ना लगने वाले (एलॉय) मिश्रधातु बनाना**

(a) केवल 2 (b) 1,3 और 4
(c) 2,3 और 4 (d) 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. निम्नलिखित में सूची-1 में दिए गए भौतिक गुणों का सूची-2 में दी गई उन धातुओं से मिलान करें जो उन गुणों को प्रदर्शित करती हैं:**

| सूची-1 (भौतिक गुण) | सूची-2 (धातुएँ) |
|---|---|
| (a) तरल कमरे के तापमान पर | (I) सोडियम (Na) |
| (b) जिसे आसानी से चाकू से काटा जा सकता है | (II) पारा (Hg) |
| (c) ऊष्मा का उत्कृष्ट चालक | (III) सीसा (Pb) |
| (d) ऊष्मा का कुचालक | (IV) चाँदी (Ag) |

**निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :**

(a) A-II, B-I, C-III, D-IV (b) A-I, B-III, C-II, D-IV
(c) A-III, B-I, C-II, D-IV (d) A-II, B-I, C-IV, D-III
(e) अनुत्तरित प्रश्न


**85. नीचे दिये कथनों में सही कथन चुनिए-**

**कथन (1) - सोडियम धातु को मिट्टी के तेल में संगृहीत किया जाता है क्योंकि यह अत्यधिक प्रतिक्रियात्मक होता है।**

**कथन (2) – सोडियम धातु नाइट्रोजन से प्रबलता से प्रतिक्रिया करता है।**

(a) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
(b) कथन 1 और 2 दोनों ही गलत है।
(c) कथन 1 सही है लेकिन कथन 2 गलत है।
(d) कथन 1 गलत है लेकिन कथन 2 सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. प्रकाश की एक किरण समतल दर्पण पर $15^\circ$ के आपतन कोण पर आपतित की जाती है (जैसा कि चित्र में दिखाया गया है) $\angle x$ का मान होगा-**



(a) 45° (b) 65°
(c) 75° (d) 85°
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. उत्तल दर्पण के द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब के बारे में कौन-सा कथन गलत है?**
(a) ये आभासी और सीधा होता है।
(b) ये दर्पण के पीछे बनता है।
(c) ये वस्तु वाले भाग में ही बनता है।
(d) ये वस्तु से छोटा होता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. यदि किसी जीन विशेष के दो एलील समान हैं, तो उस जीन युग्म को क्या कहा जाता है?**
(a) समयुग्मजी (b) विषमयुग्मजी
(c) अप्रभावी (d) प्रभावी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. DNA का पूर्ण रूप:**
(a) डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड
(b) डिऑक्सी न्यूरोलॉजिकल एसिड
(c) डाइऑक्साइड न्यूमेरिकल एसिड
(d) डिपार्टमेन्ट ऑफ नर्सिंग एंड आसिस्टन्स
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. किसी जीन का वैकल्पिक रूप जो किसी एक लक्षण को नियंत्रित करता है, उसे कहते हैं**
(a) प्रभावी (b) अप्रभावी
(c) आनुवंशिकी (d) एलील
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. नीचे दी गयी विशेषताओं को पढ़ें -**
**(i) कणिकायें उपस्थित हैं वे एम्फोफिलिक प्रकृति की होती हैं।**
**(ii) उनका व्यास 10-15μ तथा वे WBC का 60-70% हिस्सा बनाती हैं।**
**(iii) कणिकाओं में हाइड्रोलेस, विटामिन B12 बंधन प्रोटीन व लाइसोज़ाइम होते हैं।**
**ऊपर दी गयी विशेषतायें निम्न में से किसमें पायी जाती हैं?**
(a) न्यूट्रोफिल (b) एसिडोफिल
(c) मोनोसाइट (d) बेसोफिल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. नर सहायक ग्रंथियों में सम्मिलित हैं?**
**1. युग्मित शुक्राशय** **2. प्रॉस्टेट ग्रंथि**
**3. तुंबिका (Ampulla)** **4. बल्बोयूरीश्रल ग्रंथियों का युग्म**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (खनिज) | सूची-II (कार्य) |
|---|---|
| **(A) कैल्सियम** | **(1) रक्त स्कंदन** |
| **(B) सोडियम** | **(2) अन्तः कोशिकीय द्रव्य** |
| **(C) आयरन** | **(3) एनीमिया** |
| **(D) आयोडीन** | **(4) थायरॉइड हॉर्मोन का निर्माण।** |

(a) A-4 B-1 C-2 D-3 (b) A-3 B-4 C-2 D-1
(c) A-1 B- 2 C-3 D-4 (d) A-2 B-3 C-1 D-4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. मिलेट (जौ, बाजरा, रागी आदि) के पोषक मान (मान प्रति 100 ग्राम) से संबंधित कौनसा/से कथन सही है/हैं?**
**1. बाजरा में 11.6 ग्राम प्रोटीन होता है।**
**2. ज्वार में 72.6 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है।**
**3. रागी में 344 मिग्रा कैल्सियम होता है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 3 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (भारत) के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सी अपशिष्ट सामग्रियाँ "विशेष देखभाल अपशिष्ट" के अन्तर्गत सम्मिलित हैं?**
(a) पेंट के डिब्बे, दवाइयाँ (b) सब्जियाँ, प्लास्टिक
(c) टैम्पोन, फूल (d) काँच, रबर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. 'DPT' का विस्तार कीजिए, सही उत्तर चुनें:**
(a) डिफ्थीरिया पर्टुसिस टिटेनस
(b) डिफ्थीरिया न्यूमोनिया टिटेनस
(c) डिफ्थीरिया न्यूमोनिया ट्यूबरकुलोसिस
(d) डेंगू पर्टूसिस ट्यूबरकुलोसिस
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. HIV संचरण के विषय में निम्न में से सही कथन की पहचान करें।**
(a) HIV-संक्रमित महिला अपने गर्भ या शिशु को जन्म देने से पूर्व, जन्म देते समय या जन्म देने के बाद HIV संचरित कर सकती है।
(b) भारत के कई जिलों में गर्भवती स्त्रियों में HIV का पाया जाना 1% से कम है।
(c) HIV के 90% पैरीनेटल संक्रमण गर्भाशय में होते हैं या-जन्म प्रक्रिया के दौरान होते हैं।
(d) HIV-संक्रमित गर्भिणी अपने गर्भ या नवजात शिशु-में वाइरस को संचरण करने की लगभग 90% संभावना रखती है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. निम्नलिखित में से कौनसी आर्थिक महत्त्व की वृक्ष प्रजाति की पहचान राजस्थान राज्य जैव-विविधता बोर्ड द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त पादप प्रजाति के रूप में की गई है?**
(a) ऐनोगाइसस लैटीफोलिआ
(b) ऐनोगाइंसस पेन्डुला
(c) ऐनोगाइसस सेरीसिया वेरा. नुमुलेरिया
(d) टेक्टोना ग्रेन्डिस
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. कौनसा वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता वर्ष घोषित किया गया था?**
(a) 2002 (b) 2010
(c) 2016 (d) 1972
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. भारत के प्रथम सुपर कम्प्यूटर परम 8000 का शुभारंभ वर्ष ..... में किया गया?**
(a) 1990 (b) 1991
(c) 1989 (d) 1992
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦ ♦ ♦ ♦

**1. [b]**

**व्याख्या:-**

- रामदेवरा: यह जैसलमेर मुख्यालय के पूर्व में पोकरण के पास स्थित है।
- दक्षिणतम जिला: राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला बाँसवाड़ा है, राजसमंद नहीं।
- सोजत व मारवाड़ जंक्शन: ये दोनों स्थान भौगोलिक और प्रशासनिक रूप से पाली जिले में स्थित हैं।
- अक्षांशीय स्थिति: झुंझुनूं (उत्तर) का अक्षांश जोधपुर (मध्य) से अधिक है, इसलिए झुंझुनूं अधिक उत्तर में है।

**2. [a]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 सही – थार मरुस्थल को प्राचीन टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।
- कथन 2 सही – राजस्थान के क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थलीय है।
- कथन 3 सही – थार मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी माना जाता है।
- कथन 4 गलत – थार मरुस्थल अरावली पर्वतमाला के पश्चिमी भाग में स्थित है, न कि पूर्वी भाग में।

**3. [b]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 असंगत है क्योंकि राजस्थान उष्ण कटिबन्ध में स्थित है, शीत कटिबन्ध में नहीं।
- कथन 2 संगत है, क्योंकि समुद्र से दूरी के कारण महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।
- कथन 3 संगत है क्योंकि अरावली की दिशा मानसूनी हवाओं के समानान्तर होने से वर्षा कम होती है।
- कथन 4 संगत है, क्योंकि ऊँचाई बढ़ने पर तापमान घटता है, इसलिए माउंट आबू ठण्डा है।
- कथन 5 संगत है क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ से सर्दियों में मावठ की वर्षा होती है।

**4. [a]**

**व्याख्या:-**

- घग्घर नदी हिमालय से निकलकर राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी क्षेत्र से प्रवेश करती है।
- यह नदी समुद्र तक नहीं पहुँचती, बल्कि मरुस्थल में अंतः प्रवाहित होकर लुप्त हो जाती है।
- इस कारण इसका जल स्थायी रूप से प्रवाहित नहीं रहता, इसलिए इसे "मृत नदी" कहा जाता है।
- यह अंतः प्रवाहित अपवाह तंत्र का प्रमुख उदाहरण है।

**5. [d]**

**व्याख्या:-**

| | **सूची-I (मृदा)** | **सूची-II (अभिलक्षण)** |
|---|---|---|
| (a) | नवीन जलोढ़ मृदा | खादर |
| (b) | काली मिट्टी | पोटाश और लाइम (चून) की प्रचुरता |
| (c) | लेटेराइट मिट्टी | नाइट्रोजन और पोटाश की कमी |
| (d) | पर्वतीय मिट्टी | ककड़ और पत्थर |

**6. [d]**

**व्याख्या:-**

- पलाश वन (ब्यूटिया मोनोस्पर्मा) पथरीले और कठोर धरातल, पठारी पहाड़ियों, और कंकड़ मैदानों में पाए जाते हैं।
- पलाश के वनो को **जंगल की ज्वाला** (Fire of Forest) कहा जाता है।
- ये उष्णकटिबंधीय/शुष्क पर्णपाती वन है।
- ये अलवर, अजमेर, सिरोही, उदयपुर, पाली, राजसमंद और चित्तौड़गढ़ में फैले हैं।
- पलाश वन कम मिट्टी वाले क्षेत्रों में भी उगते हैं।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- जनगणना **2011** के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या **13.5%** है।
- जनजातियों की कुल संख्या के आधार पर राजस्थान का देश में चौथा स्थान है।
- जनजातीय प्रतिशत के आधार पर राजस्थान का देश में **13**वाँ स्थान है।
- सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर सहरिया जनजाति में दर्ज की गई, मीणा में नहीं।
- जनजातीय लिंगानुपात सर्वाधिक डूंगरपुर जिले में पाया जाता है।

**8. [a]**

**व्याख्या:-**

- जनगणना 2011 में राजस्थान का स्थान 8वाँ था।
- उस समय तेलंगाना अलग राज्य नहीं था (तेलंगाना 2 जून 2014 को बना)।
- तेलंगाना बनने के बाद आंध्र प्रदेश की जनसंख्या कम हुई और राजस्थान 7वें स्थान पर आ गया।

**9. [d]**

**व्याख्या:-**

| | |
|---|---|
| A. मक्का | II. 50 सेमी-100 सेमी |
| B. ज्वार | IV. 40 सेमी-80 सेमी |
| C. गन्ना | I. 100 सेमी-120 सेमी |
| D. मूंगफली | III. 50 सेमी-125 सेमी |

**10. [c]**

**व्याख्या:-**

- बकरी विकास एवं चारा उत्पादन केन्द्र **रामसर (अजमेर)** में स्थित है, न कि बस्सी (जयपुर) में।
- बस्सी (जयपुर) में **गाय-भैंस का कृत्रिम गर्भाधारण केन्द्र (फ्रोजन सिमन बैंक)** स्थित है।

**11. [d]**

**व्याख्या:-**

- राज्यों को उनके क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम (घटते क्रम) में व्यवस्थित करने पर सही क्रम इस प्रकार है:
  (A) राजस्थान: लगभग 3,42,239 वर्ग किमी (भारत का सबसे बड़ा राज्य)
  (C) उत्तर प्रदेश: लगभग 2,40,928 वर्ग किमी (चौथा सबसे बड़ा राज्य)
  (D) गुजरात: लगभग 1,96,024 वर्ग किमी
  (B) हरियाणा: लगभग 44,212 वर्ग किमी

**12. [b]**

**व्याख्या:-**

- कथन (A) सही है – दक्षिण-पूर्वी पठारी भाग (कोटा, झालावाड़, बारां आदि) में औसत वर्षा लगभग 80–120 सेमी. होती है, जो राज्य में सर्वाधिक है।
- कारण (R) भी सही है – थार मरुस्थल राजस्थान के पश्चिमी भाग में स्थित है, जहाँ वर्षा बहुत कम होती है।

**13. [a]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान अरब सागर से लगभग 350 किमी दूर है, इसलिए समुद्री प्रभाव बहुत कम है।
- समुद्र से दूरी के कारण तापमान में अधिक अंतर पाया जाता है, जिसे महाद्वीपीय जलवायु कहते हैं।
- अतः कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

**14. [a]**

**व्याख्या:-**

| **मुख्य नदी** | **सहायक नदियाँ** |
|---|---|
| (A) चम्बल | (2) सिवान, परवन |
| (B) माही | (3) अनास, चाप |
| (C) साबरमती | (4) वाकल, हथमति |
| (D) बनास | (1) खारी, बांडी |

**15. [a]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 — संगत: ओरण पवित्र वन क्षेत्र हैं और ग्रामीण समुदाय द्वारा संरक्षित किए जाते हैं।
- कथन 2 — असंगत: ओरण का उद्देश्य औद्योगिक उपयोग नहीं, बल्कि धार्मिक, पर्यावरणीय और सामुदायिक संरक्षण है।
- कथन 3 — संगत: ये स्थानीय देवताओं को समर्पित होते हैं और धार्मिक महत्व रखते हैं।
- कथन 4 — संगत: ओरण जल संरक्षण, चरागाह, जैव विविधता और पारिस्थितिकी संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

- बस्सी (जयपुर) अनार के लिए उत्कृष्टता केंद्र है।
- सगरा भोजका (जैसलमेर) खजूर के लिए प्रसिद्ध है।
- देवड़ावास (टोंक) अमरूद और खेमरी (धौलपुर) आम के लिए हैं।

**17. [a]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 सही – भीलवाड़ा को राजस्थान का मैनचेस्टर कहा जाता है।
- कथन 2 सही – यहाँ सूती और सिंथेटिक वस्त्रों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है।
- कथन 3 गलत – यह वस्त्र उद्योग के कारण प्रसिद्ध है, सीमेंट उद्योग के कारण नहीं।
- कथन 4 सही – भिवाड़ी को राजस्थान का उभरता मैनचेस्टर कहा जाता है।

**18. [d]**

**व्याख्या:-**

- अभिकथन (A) सत्य है: जयपुर स्थित जंतर-मंतर का निर्माण वास्तव में महाराजा सवाई जय सिंह II द्वारा 18वीं शताब्दी (1724-1734) के दौरान करवाया गया था। वे एक महान खगोलशास्त्री थे जिन्होंने समय और ग्रहों की गणना के लिए भारत में पाँच वेधशालाएँ बनवाई थीं।
- कारण (R) सत्य है: यह भी एक तथ्य है कि जयपुर के जंतर-मंतर को वर्ष 2010 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है।

**19. [a]**

**व्याख्या:-**

सही सुमेलन इस प्रकार है –

| | |
|---|---|
| खुरड़ी व कुराड़ा | परबतसर (डीडवाना) |
| अहेड़ा, बूढ़ा पुष्कर व होकरा | अजमेर |
| कुण्डा व ओला तथा रातड़िया री डेरी | जैसलमेर |
| चक-84, चक-64, बरोर, बिनजौर, तरखानवाला डेरा व अनूपगढ़ | श्रीगंगानगर |
| आलनियाँ व दर्रा | कोटा |
| बागौर, मंडपिया, लाछुरा व जहाजपुर | भीलवाड़ा |

**20. [d]**

**व्याख्या:-**

- 750-1000 ईस्वी के दौरान, राजस्थान और अधिकांश उत्तरी भारत पर **प्रतिहार वंश** ने शासन किया था।
- आठवीं से दसवीं शताब्दी तक राजस्थान में प्रतिहार राजवंश का वर्चस्व रहा था।
- राजस्थान के दक्षिण–पश्चिम में स्थित **गुर्जरत्रा क्षेत्र** में प्रतिहार वंश का शासन रहा था।
- प्रतिहार शब्द का शाब्दिक अर्थ **'रक्षक' व 'द्वारपाल'** होता है।
- प्रतिहार स्वयं को **लक्ष्मण (सौमित्र) के वंशज तथा रघुवंशी क्षत्रिय** मानते हैं।
- **डॉ. आर सी. मजूमदार** के अनुसार गुर्जर–प्रतिहारों ने छठी से बारहवीं शताब्दी तक अरब आक्रमणकारियों के लिए बाधक का कार्य किया।
- **चंदेल वंश के शिलालेख** में गुर्जर–प्रतिहार शब्द का उल्लेख मिलता है।
- अरब यात्रियों ने प्रतिहारों को **'जुर्ज'** कहा है।
- चीनी यात्री ह्वेनसांग ने इन्हें **'कू-चे-लो'** कहा है।
- घटियाला शिलालेख (861 ई.) व बाउक प्रशस्ति (837 ई.) में प्रतिहारों को 'ब्राह्मण' कहा गया है।
- मिहिरभोज के शासनकाल में रचित **'ग्वालियर प्रशस्ति'** में प्रतिहारों को इक्ष्वाकु कुल के रघुवंशी क्षत्रिय तथा लक्ष्मण का वंशज कहा गया है।
- बुचकला शिलालेख (815 ई.) व राजौरगढ़ अभिलेख (960 ई.) से भी प्रतिहार वंश के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**21. [c]**

**व्याख्या:-**

**वासुदेव चौहान -**

- इसे चौहान वंश का संस्थापक/आदिपुरुष/मूलपुरुष माना जाता है।
- **बिजौलिया शिलालेख** (1170 ई.), राजशेखर के **प्रबंधकोष,** चंद्रशेखर के **'सुर्जन चरित्र' व डॉ. दशरथ शर्मा के ग्रंथ 'द अर्ली चौहान डायनेस्टी'** के अनुसार शाकम्भरी के चौहान वंश का **आदिपुरुष वासुदेव** था जिसने **551 ई.** के आस–पास सपादलक्ष में चौहान वंश की स्थापना की।

- बिजौलिया शिलालेख के अनुसार वासुदेव चौहान ने **सांभर झील का निर्माण** करवाया था।
- वासुदेव ने सर्वप्रथम **अहिच्छत्रपुर (नागौर)** को अपनी **राजधानी** बनाया।

**22. [d]**

**व्याख्या:-**

**जैत्रसिंह ( 1213–1253 ई.)**

- जैत्रसिंह ने **परमारों को पराजित कर चित्तौड़ पर अधिकार** किया तथा इसे अपनी **राजधानी** बनाया।
- **भूताला का युद्ध (1227 ई.)** - इस युद्ध में जैत्रसिंह ने **इल्तुतमिश** को पराजित किया था, इस युद्ध का वर्णन जयसिंह सूरी ने अपने ग्रंथ **"हम्मीर मदमर्दन"** में किया है। इस ग्रंथ में इल्तुतमिश को **हम्मीर** कहा गया है।
- जैत्र सिंह के सेनापति **"मदन व बालाक"** थे।
- **जी.एच. ओझा** ने जैत्रसिंह को **"रण रसिक"** तथा **डॉ. दशरथ शर्मा** ने इसे **"मेवाड़ की नव शक्ति का संचारक"** कहा।

**23. [b]**

**व्याख्या:-**

**अलाउद्दीन खिलजी का चित्तौड़ आक्रमण (1303 ई.)**

- **28 जनवरी, 1303** को अलाउद्दीन खिलजी दिल्ली से चित्तौड़ के लिए ससैन्य रवाना हुआ तथा 07 माह के लम्बे घेरे के बाद **26 अगस्त, 1303 ई. को चित्तौड़ में पहला साका हुआ।**
- रतनसिंह, गौरा-बादल व लक्ष्मण सिंह (सिसोदा) के नेतृत्व में वीरों ने केसरिया किया तथा रानी पद्मिनी के नेतृत्व में 1600 वीरांगनाओं द्वारा जौहर किया गया।
- अलाउद्दीन ने इस समय चित्तौड़ में 30,000 लोगों का नरसंहार करवाया था।
- चित्तौड़ पर विजय प्राप्त करने के बाद अलाउद्दीन ने अपने पुत्र **खिज्र खाँ को चित्तौड़ का प्रशासक** नियुक्त किया तथा चित्तौड़ का नाम बदलकर **'खिज्राबाद'** कर दिया था।
- **खिज्र खां** ने गंभीरी नदी पर एक पुल तथा चित्तौड़गढ़ की तलहटी में **एक मकबरे** का निर्माण करवाया।
- मकबरे के फारसी लेख (**1310 ई.)** में खिलजी को **'ईश्वर की छाया', 'दूसरा सिकंदर' और 'संसार का रक्षक'** कहा गया है।

**24. [c]**

**व्याख्या:-**

**खानवा का युद्ध (17 मार्च, 1527 ई.)** – रूपवास, **भरतपुर**

- इस युद्ध में **सांगा को बाबर ने पराजित** किया।
- खानवा के इस निर्णायक युद्ध के बाद **भारत में मुगल सत्ता की वास्तविक स्थापना** हुई।
- इस युद्ध में बाबर ने **"तुलुगमा युद्ध पद्धति'' व ''तोपखाने"** का प्रयोग किया था। यही इसकी विजय के प्रमुख कारण थे।
- **इतिहासकार लेनपुल** के अनुसार खानवा के युद्ध ने हिन्दुओं के महान संगठन को कुचल दिया।

**25. [a]**

**व्याख्या:-**

- राव चन्द्रसेन को बी.एन. राय ने **'मारवाड़ का भूला-बिसरा राजा'** कहा है।
- विश्वेश्वर नाथ रेऊ ने राव चन्द्रसेन को 'मारवाड़ का प्रताप कहा है।
- चंद्रसेन को प्रताप का अग्रगामी/पथ-प्रदर्शक/मार्गदर्शक भी कहा जाता है।

**26. [c]**

**व्याख्या:-**

- नसीराबाद में विद्रोह – 28 मई 1857 ई.
- नीमच में विद्रोह – 03 जून 1857 ई.
- एरिनपुरा में विद्रोह – 21 अगस्त 1857 ई.
- आउवा में विद्रोह – सितम्बर 1857 ई.

**27. [d]**

**व्याख्या:-**

- सन् सत्तावन की क्रांति के समय नसीराबाद सैनिक छावनी में 15वी बंगाल नेटिव इन्फेंट्री, 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री, भारतीय तोप खाने की सैनिक टुकड़ी तथा पहली (फर्स्ट) बंबई लांसर्स के सैनिक विद्यमान थे।
- 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री द्वारा बख्तावर सिंह के नेतृत्व में नसीराबाद छावनी में सैनिक विद्रोह प्रारंभ हुआ था।
- 30 मई 1857 ई. को 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिक भी विद्रोह में शामिल हो गए।

**28. [c]**

**व्याख्या:-**

**'आगी बाण' समाचार-पत्र (1932 ई.)**

- इस समाचार-पत्र के प्रकाशक **जयनारायण व्यास** थे।
- यह **राजस्थानी भाषा** का प्रथम राजनैतिक समाचार पत्र था।
- यह समाचार-पत्र ब्यावर से प्रकाशित होता था।
- मारवाड़ क्षेत्र में राजनैतिक जनजागृति लाने का श्रेय आगी बाण समाचार पत्र को दिया जाता है।

**'राजस्थान' समाचार-पत्र (1923 ई.)**

- यह एक साप्ताहिक / वीकली समाचार पत्र था।
- **ऋषिदत्त मेहता** ने 1923 ई. में ब्यावर से इस समाचार-पत्र का प्रकाशन किया था।
- **हाड़ौती क्षेत्र** में राजनैतिक जनजागृति उत्पन्न करने का श्रेय इसी समाचार-पत्र को दिया जाता है।

**राजस्थान पत्रिका (1885 ई.)**

- बख्शी लक्ष्मण सिंह ने अजमेर से इस समाचार पत्र का प्रकाशन किया था।

**29. [d]**

**व्याख्या:-**

- शुरुआत में प्रजामंडल राजाओं को गद्दी से हटाने या पूर्ण स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं थे। उनका संघर्ष राजा के अधीन रहते हुए 'उत्तरदायी शासन' और जनता को अधिकार दिलाने के लिए था। वे राजा को अपना संरक्षक मानते थे, न कि दुश्मन।
- प्रजामंडलों का प्राथमिक उद्देश्य रियासतों में व्याप्त कुप्रथाओं, बेगार और मनमाने करों को समाप्त करना और जनता को उत्तरदायी प्रशासन में भागीदारी दिलाना था।

**30. [b]**

**व्याख्या:-**

- राव कृष्ण सिंह ने 1903 ई. में लड़कियों के विवाह पर पाँच रूपये चंवरी कर लगाया था।
- **पृथ्वीसिंह** ने 1906 ई. में बिजौलिया के किसानों पर **'तलवार बंधाई कर'** नाम से नई लागत लगाई थी।

**31. [d]**

**व्याख्या:-**

**उदयपुर राज्य में वर्ष 1818 में भील विद्रोह के कारण -**

1. अंग्रेजों द्वारा भीलों को सेना में से निकालना।
2. अंग्रेजों की भील दमन नीति।
3. अंग्रेजों द्वारा भीलों को वन सम्पदा के अधिकार से वंचित करना।
4. अंग्रेजों द्वारा भीलों के रखवाली एवं बोलाई कर वसूल करने का अधिकार समाप्त करना।
5. अंग्रेजों द्वारा भीलों पर अत्यधिक कर लगाना।
6. अंग्रेजों द्वारा महुआ की शराब 'मावड़ी' पर प्रतिबंध लगाना।
7. डाकन प्रथा (1853 ई.) पर प्रतिबंध लगाना।
8. भीलों द्वारा की जाने वाली स्थानान्तरित कृषि 'वालरा' पर प्रतिबंध लगाना।

**32. [c]**

**व्याख्या:-**

- सिरोही रियासत का राजस्थान में विलय दो सोपानों (चरणों) में हुआ था।
- सिरोही रियासत राजस्थान व गुजरात (तत्कालीन बम्बई) के मध्य अंतर्राज्यीय विवाद का कारण बनी।
- 26 जनवरी 1950 ई. को सिरोही का विभाजन किया गया।
- आबू-देलवाडा सहित 89 गाँव बम्बई प्रांत में मिला दिये गये तथा शेष सिरोही का राजस्थान में विलय कर दिया गया।
- सिरोही के विभाजन के विरोध में गोकुल भाई भट्ट व बलवंत सिंह मेहता के नेतृत्व में आंदोलन प्रारंभ हुआ।

**33. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के पहले परमवीर चक्र विजेता कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह शेखावत थे।
- मेजर पीरू सिंह शेखावत का जन्म 20 मई, 1918 ई. को राजस्थान के झुंझुनूं जिले के रामपुरा बेरी गाँव में हुआ था।
- 1936 ई. में वह 6 राजपूताना राइफल्स में भर्ती हुए।
- 18 जुलाई 1948 से 6 राजपूताना राइफल्स के सी.एच.एम. पीरू सिंह को जम्मु कश्मीर के तिथवाल में शत्रुओं द्वारा अधिकृत एक पहाड़ी पर आक्रमण कर उस पर कब्जा करने का काम सौंपा गया।
- मेजर पीरू सिंह ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए अपनी अंतिम सांस लेने से पहले दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर दिया।
- उनकी महान वीरता और बलिदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें जुलाई 1948 में मरणोपरांत 'परमवीर चक्र' से सम्मानित किया।
- 'परमवीर चक्र' से सम्मानित होने वाले यह पहले राजस्थानी थे।

**34. [b]**

**व्याख्या:-**

- **तेजाजी का** जन्म - 1073 ई., माघ शुक्ला चतुदर्शी को खरनाल में नागवंशीय जाट में हुआ।
- उपनाम - काला और बाला के देवता, कृषि कार्यों के उपकारक देवता, गौरक्षक देवता, **शिवजी का अवतार, नागों का देवता**।
- पिता - ताहड़जी जाट
- माता - **रामकुँवरी**
- पत्नी – पेमलदे–पनेर–अजमेर (रायचंद की पुत्री)
- सवारी - लीलण घोड़ी **/ सिणगारी**
- तेजा गीत - किसान खेतों में हल जोतते समय तेजाजी के गीत गाते हैं।
- तेजाजी ने लाछा गुर्जरी की गायों को मेर (वर्तमान आमेर) के मीणाओं से छुड़ाई।
- मेला - **प्रतिवर्ष तेजादशमी (भाद्रपद शुक्ला दशमी)** को परबतसर में भव्य पशु मेला भरता है जो आय की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा पशु मेला है।
- **मंदिर का निर्माण – अभयसिंह ने करवाया।**
- प्रमुख पूजा स्थल - सेंदरिया, ब्यावर, भावतां, सुरसरा, परबतसर, खरनाल, **बासी दुगारी में कर्मस्थली है**।
- सर्प ने डसा, सेंदरिया गाँव में मृत्यु हुई, सुरसुरा जहां इनकी पत्नि पेमल सती हुई।
- तेजाजी का **नया मंदिर बनाने के लिए सुरसुरा से ज्योति** लाई जाती है।

**35. [a]**

**व्याख्या:-**

| **देवी** | **संबंधित जाति** |
|---|---|
| करणी माता | चारण |
| सकराय माता | खण्डेलवाल |
| आई माता | सीरवी |
| नारायणी माता | नाई |

**36. [a]**

**व्याख्या:-**

**गागरोण दुर्ग**

- दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के सबसे प्राचीन व विकट दुर्ग में गागरोण दुर्ग भी **एक जल दुर्ग या औदक दुर्ग** है, जो **कालीसिंध और आहु नदी** के संगम पर है, जो परमार शासकों द्वारा निर्मित। **(11**वीं सदी में**)**।
- **उपनाम -** डोडगढ, धुलरगढ़, शाहगढ़, गीधकगढ़।
- गागरोण का प्राचीन नाम **गर्गराटपुर** था।
- इसका नामकरण गागरोण देवीसिंह खींची ने किया।

**37. [c]**

**व्याख्या:-**

**श्रीनाथ मंदिर (नाथद्वारा)**

- श्रीनाथ जी मंदिर राजसमंद के **नाथद्वारा** में स्थित है। इस मंदिर का निर्माण 1671-72 ई. में मेवाड़ के **महाराणा राजसिंह** ने करवाया था।
- यह मंदिर वल्लभ सम्प्रदाय का सबसे बड़ा मंदिर है।
- श्रीनाथ जी की मूर्ति मूल रूप से मथुरा में एक मंदिर में **वल्लभाचार्य** ने स्थापित की थी। 1669 ई. में औरंगजेब द्वारा मंदिरों को ध्वस्त करने पर तब वहां के पंडितों ने इसे नाथद्वारा लाकर स्थापित किया।
- **अन्नकूट महोत्सव (कार्तिक शुक्ल एकम)** – इस दिन **'भीलों की लूट'** प्रसिद्ध है।

**38. [d]**

**व्याख्या:-**

**उम्मेद भवन (जोधपुर)**

- **निर्माण -** महाराजा उम्मेदसिंह ने करवाया।
- इस महल की **नींव 18 नवम्बर, 1929** को रखी गई और यह वर्ष 1943 में पूर्ण हुआ।

- **वास्तुविद् -** सर सैमुअल स्विंटन जैकब एवं विद्याधर।
- **इंजीनियर -** हेनरी वॉगन लेंचेस्टर।
- यह विश्व का सबसे बड़ा रिहायशी महल है।
- यह महल **छीतर पत्थर** से निर्मित होने के कारण **'छीतर पैलेस'** भी कहलाता है।
- इस महल का निर्माण **अकाल राहत कार्यों** के तहत सम्पन्न हुआ था।
- यह भवन **'इंडो-डेको स्टाइल'** में निर्मित किया गया।
- वर्तमान में उम्मेद भवन में **संग्रहालय, थियेटर, केन्द्रीय हॉल व उद्यान** दर्शनीय है।

**39. [d]**

**व्याख्या:-**

- 19वीं शताब्दी में **जोधपुर के महाराजा मानसिंह** के समय इस काल में नाथ सम्प्रदाय से संबंधित धार्मिक और साहित्यिक विषयों पर अनेक चित्र बनाए गए।
- 'रसराज'- मतिराम द्वारा रचित।
- चित्र संग्रह- 63 चित्र 'रसराज' ग्रंथ के आधार पर तैयार किए गए।

**40. [d]**

**व्याख्या:-**

**चन्द्रभागा पशु मेला**

- स्थान- झालरापाटन (झालावाड़)
- समय- कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी तक (नवम्बर) मुख्य दिन कार्तिक पूर्णिमा
- मेला चन्द्रभागा नदी के किनारे भरता है।

**श्री मल्लीनाथ पशु मेला**

- स्थान- तिलवाड़ा
- समय- चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी (अप्रैल) तक
- मेला लूणी नदी के किनारे भरता है।

**श्री बलदेव पशु मेला**

- स्थान- मेड़ता (नागौर)
- समय- चैत्र शुक्ल एकम से पूर्णिमा तक (अप्रैल)

**श्री तेजाजी पशु मेला**

- स्थान- परबतसर (नागौर)
- समय- भाद्रपद शुक्ल दशमीं

**41. [d]**

**व्याख्या:-**

- नाता प्रथा: यह एक प्राचीन प्रथा है जिसमें कोई विवाहित स्त्री किसी अन्य पुरुष के साथ स्वेच्छा से रह सकती है। इसके बदले में नए पुरुष को 'झगड़ा राशि' (मुआवजा) देनी होती है।
- छेड़ा-फाड़ना: भील समाज में जब पति अपनी पत्नी को त्यागना चाहता है, तो वह पंचायत के सामने अपनी साड़ी (ओढ़नी) का पल्लू फाड़कर उसे देता है, जो तलाक का प्रतीक माना जाता है।

**42. [d]**

**व्याख्या:-**

1. पैर - लंगर
2. सिर - बोरला
3. गर्दन - आड़
4. कान - झेला

**43. [c]**

**व्याख्या:-**

- कथन II गलत है क्योंकि 'बादली' गीत शेखावाटी में वर्षा के आगमन पर नहीं, बल्कि बारिश नहीं होने पर (वर्षा की कामना हेतु) गाया जाता है।

**44. [a]**

**व्याख्या:-**

- हिचकी माता का मंदिर **सनवाड़ गाँव (सवाई माधोपुर)** में स्थित है।
- जल देवी का मंदिर **बावड़ी गाँव (टोडारायसिंह तहसील, टोंक)** में स्थित है।
- घेवर माता का मंदिर **राजसमंद झील की पाल पर राजसमंद** में है।
- क्षेमकरी माता का मंदिर **बसंतगढ़ (सिरोही)** में है। इन्हें **खीमेल माता** भी कहते हैं।
- बड़ली माता का मंदिर बेड़च नदी के किनारे **आकोला (चित्तौड़गढ़)** में है।
- इनके मंदिर परिसर में स्थित **दो तिबारियों में से बीमार बच्चों को निकाला जाता** है, और देवी के नाम की **तांती** बांधी जाती है।

**45. [d]**

**व्याख्या:-**

- नागर शैली मुख्य रूप से उत्तर भारत की शैली है, जिसका विस्तार हिमालय और विंध्याचल पर्वतमाला के बीच के क्षेत्रों में है। इसका मुख्य केंद्र मध्य प्रदेश माना जाता है।
- इस शैली की एक प्रमुख विशेषता यह है कि मंदिर एक ऊँचे चबूतरे (प्लेटफ़ॉर्म) पर निर्मित होते हैं, जिसे 'जगती' के नाम से जाना जाता है।
- कला इतिहासकार पर्सी ब्राउन ने ही उत्तर भारत में प्रचलित इस नागर शैली को 'उत्तर भारतीय आर्य शैली' कहा है।

**46. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजविलास - कवि मान
- बुद्धिविलास - बख्तराम साह
- भीमविलास – कवि शंकर राव
- विजयविलास - विशन सिंह बारहठ

**47. [b]**

**व्याख्या:-**

**राज्यपाल हेतु अर्हताएं/योग्यताएँ-**

- संविधान के अनुच्छेद 157 में राज्यपाल हेतु अर्हताएं निर्धारित दी गई है-
  1. उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।
  2. वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।
- राज्यपाल की नियुक्ति से संबंधित दो परम्पराएं भी जुड़ गई यद्यपि दोनों परम्पराओं का कुछ मामलों में उल्लंघन हुआ है-
  1. वह उस राज्य से संबंधित न हो जिस राज्य में नियुक्त किया जा रहा है।
  2. राष्ट्रपति, राज्यपाल की नियुक्ति के मामले में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श करे।

**48. [b]**

**व्याख्या:-**

| राजस्थान के मुख्यमंत्री जिन्होंने राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया- | |
|---|---|
| **मुख्यमंत्री का नाम** | **राज्य जिसके राज्यपाल रहे** |
| मोहनलाल सुखाड़िया – | कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु |
| हरिदेव जोशी | मेघालय, असम, पश्चिम बंगाल |
| शिवचरण माथुर | असम |
| जगन्नाथ पहाड़िया | हरियाणा बिहार |

**49. [d]**

**व्याख्या:-**

- अध्यक्ष दसवीं अनुसूची के तहत निर्णय देता है। धन/वित्त विधेयक प्रमाणित करता है। गुप्त बैठक की अनुमति दे सकता है। त्यागपत्र उपाध्यक्ष को देता है, राज्यपाल को नहीं।

**50. [a]**

**व्याख्या:-**

**उच्च न्यायालय का गठन**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 216** में राज्यों में उच्च न्यायालय के गठन का प्रावधान किया गया है।
- संविधान के द्वारा प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय की व्यवस्था की गई है।
- **7वें संशोधन अधिनियम, 1956** के द्वारा संशोधित – दो या अधिक राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए **एक साझा उच्च न्यायालय** की स्थापना की जा सकती है।
- संसद एक उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्र का विस्तार, किसी संघ राज्य क्षेत्र में कर सकती है अथवा किसी संघ राज्य क्षेत्र को एक उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्र से बाहर कर सकती है।

**न्यायाधीशों की नियुक्ति**

- मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति **राष्ट्रपति द्वारा**, भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है।
- दो या अधिक राज्यों के साझा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति में राष्ट्रपति सभी संबंधित राज्यों के राज्यपालों से परामर्श करता है।
- अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति में संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भी परामर्श किया जाता है।

**51. [b]**

**व्याख्या:-**

**भारत में स्थानीय स्वशासन :**

- 1882 → लॉर्ड रिपन का प्रस्ताव → स्थानीय शासन का मैग्नाकार्टा
- 1907 → हॉब हाउस की अध्यक्षता में रॉयल कमीशन
- 1909 → रॉयल कमीशन की रिपोर्ट
- 1919 → मान्टेग्यू-चेम्सफोर्ड अधिनियम → स्थानीय शासन "हस्तांतरित विषयों" में
- 1928 → बीकानेर ने ग्राम पंचायत अधिनियम बनाया (राजस्थान में प्रथम)
- 1935 → भारत सरकार अधिनियम → स्थानीय शासन को प्रांतीय/राज्य सूची में रखा गया
- 1938 → जयपुर ग्राम पंचायत अधिनियम
- 1943 → सिरोही ग्राम पंचायत अधिनियम
- 1944 → भरतपुर ग्राम पंचायत अधिनियम
- 1949 → करौली ग्राम पंचायत अधिनियम
- राजस्थान पंचायत अधिनियम, 1953 में पारित किया गया, जो 1 जनवरी, 1954 से लागू हुआ और उसके बाद प्रदेश में ग्राम पंचायतों की स्थापना हुई।

**52. [a]**

**व्याख्या:-**

- 74वें संशोधन (1992) द्वारा नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया। भाग IX-A तथा 12वीं अनुसूची जोड़ी गई। अनुच्छेद 243P से 243ZG सम्मिलित किए गए। नगरपालिकाओं का कार्यकाल 5 वर्ष है, 6 वर्ष नहीं।

**53. [b]**

**व्याख्या:-**

- मुख्य सचिव राज्य प्रशासन का शीर्ष अधिकारी, सचिवालय का किंगपिन तथा लोक सेवाओं का प्रमुख होता है। राज्यपाल राजनीतिक प्रमुख है, मुख्य सचिव नहीं।

**54. [b]**

**व्याख्या:-**

- 1772 में वारेन हेस्टिंग्स ने राजस्व सुधारों के तहत कलेक्टर पद सृजित किया। प्रथम कलेक्टर रॉल्फ शेल्डन थे। यह पद मूलतः राजस्व वसूली से जुड़ा था। लॉर्ड कॉर्नवालिस ने बाद में सुधार किए, सृजन नहीं किया।

**55. [a]**

**व्याख्या:-**

- 16 अगस्त 1949 को अध्यादेश जारी हुआ, 20 अगस्त को अधिसूचना प्रकाशित हुई तथा 22 दिसम्बर 1949 को आयोग प्रभाव में आया। प्रारंभिक मुख्यालय जयपुर में था, न कि अजमेर में। अतः कथन 1 और 2 सही हैं, 3 असत्य है।

**56. [b]**

**व्याख्या:-**

- **गठन (धारा-3)**-15 मई, 1999
  **मुख्यालय**-जयपुर
- राज्य महिला आयोग अधिनियम 1999 की धारा 3 में संरचना का उल्लेख ।
- **संरचना (धारा-3)** 1 अध्यक्ष 4 सदस्य (सदस्य सचिव सहित)
  **कार्यकाल (धारा-4)**-3 वर्ष
  **त्यागपत्र (धारा-4)**- राज्य सरकार को
  **गणपूर्ति** -3 व्यक्ति (अध्यक्ष सहित)
  **नियुक्ति (धारा-3)**- राज्य सरकार (मुख्यमंत्री) द्वारा
  **बैठक**-कम से कम 2 माह में 1 बार।
  **वेतन-सेवा शर्तें (धारा-4)** - राज्य सरकार द्वारा निर्धारित ।
  **पद से हटाना (धारा-8)**- राज्य सरकार (मुख्यमंत्री द्वारा)

**हटाने के कारण :**

(1) लगातार 3 बैठक से अनुपस्थित रहने पर।
(2) दिवालिया (3) असमर्थता
(4) भ्रष्टाचार (5) विकृत चित के आधार पर

**वार्षिक रिपोर्ट (धारा-14)** - राज्य सरकार को। राज्य सरकार ने आयोग की सिफारिशों के 3 माह के भीतर उस पर क्या कार्यवाही की उसकी सूचना आयोग को देगी।

**शक्तियाँ (धारा 10)** - सिविल कोर्ट के समान शक्तियाँ प्राप्त है।

**57. [d]**

**व्याख्या:-**

- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता देना है।
- योजना के तहत पात्र परिवारों को 20,000 से 30,000 रुपये तक सहायता दी जाती है।
- यह योजना 2025 में शुरू नहीं हुई, बल्कि पहले से संचालित योजना है।
- साथ ही आवेदन के नियम अलग-अलग राज्यों में अलग होते हैं।

**58. [d]**

**व्याख्या:-**

- भीलवाड़ा को राजस्थान का 'मैनचेस्टर' कहा जाता है, क्योंकि यहाँ सूती वस्त्र उद्योग एवं कपड़ा मिलों का सर्वाधिक विकास हुआ है।

**59. [b]**

**व्याख्या:-**

- ब्यावर में राजस्थान की पहली कपड़ा मिल 'कृष्णा मिल' की स्थापना 1889 में हुई, जिससे प्रदेश में आधुनिक वस्त्र उद्योग का विकास प्रारम्भ हुआ।

**60. [a]**

**व्याख्या:-**

- प्रतापगढ़ की प्रसिद्ध 'थेवा कला' में रंगीन कांच पर सोने की नक्काशी की जाती है, जो राजस्थान की विशिष्ट हस्तकला मानी जाती है।

**61. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का II-B कृषि जलवायु प्रदेश 30–50 सेमी वर्षा, लाल रेतीली व सीरोजेम मृदा तथा गेहूँ, सरसों, तिल जैसी रबी फसलों के लिए प्रसिद्ध है।

**62. [d]**

**व्याख्या:-**

- कृषि पर राजस्थान की 60% से अधिक जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर है, क्योंकि राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि आधारित है।

**63. [3]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का वित्त वर्ष 2025-26 में प्रचलित कीमतों पर अनुमानित GSDP ₹19.89 लाख करोड़ आँका गया है, जो राज्य की आर्थिक प्रगति दर्शाता है।

**64. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में 'कुरी' शब्द तीन वर्ष के अंतराल पर आने वाले अर्ध-अकाल को संदर्भित करता है, जिसमें वर्षा की कमी से कृषि उत्पादन प्रभावित होता है।

**65. [b]**

**व्याख्या:-**

- प्रधानमंत्री कुसुम योजना मार्च 2019 में शुरू की गई, जिसका उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

**66. [c]**

**व्याख्या:-**

- RIICO की स्थापना 1980 में हुई, जिसका उद्देश्य राजस्थान में औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन देना है।

**67. [a]**

**व्याख्या :-**

1305, 4665, 6905

6905 – 4665 = 2240

4665 – 1305 = 3360

6905 – 1305 = 5600

2240, 3360, 5600 का HCF

| | |
|---|---|
| 10 | 2240, 3360, 5600 |
| 8 | 224, 336, 560 |
| 14 | 28, 42, 70 |
| | 2, 3, 5 |

HCF = 10×8×14=1120=N

N के अंकों का योग = 1+1+2+0 = 4

**68. [b]**

**व्याख्या:-**

- मान लें लड़कों की संख्या = $b$ तथा
  लड़कियों की संख्या = $g$.
  कुल औसत 84 होने पर,
  $\frac{81b + 89g}{b + g} = 84$
- इसको सरल करने पर,
  $81b + 89g = 84b + 84g$
  $\Rightarrow 5g = 3b.$
  अतः $b : g = 5 : 3.$
- अतः अनुपात 5:3 है, विकल्प (b) सही होगा।

**69. [d]**

**व्याख्या:-**

माना विक्रय मूल्य = 100 रु.

हानि प्रतिशत = 20% (विक्रय मूल्य पर)

क्रय मूल्य = $100 \times \frac{20}{100} + 100 = 120$ रु.

क्रय मूल्य पर हानि प्रतिशत $= \frac{20}{120} \times 100 = \frac{50}{3}\%$

अतः हानि प्रतिशत $\frac{50}{3}\%$ होगा।

**70. [c]**

**व्याख्या:-**

- मान लें मतदाता सूची = x
  20% मतदाता वोट नहीं देते
  ⇒ वैध मतदाता = 0.8x
  120 अवैध वोट
  ⇒ कुल वैध वोट = 0.8x - 120
  विजेता को 75% वोट
  ⇒ विजेता वोट = 0.75(0.8x - 120)
  प्रतिद्वंद्वी वोट = 0.25(0.8x - 120)
  अंतर = 1800
  $0.75(0.8x - 120) - 0.25(0.8x - 120) = 1800$
  $0.5(0.8x - 120) = 1800$
  $\Rightarrow 0.8x - 120 = 3600$
  $\Rightarrow 0.8x = 3720 \Rightarrow x = 4650$
- अतः मतदाता संख्या = 4650, सही विकल्प (c) होगा।

**71. [a]**

**व्याख्या:-**

$= \frac{145}{500} \times 100 = 29\%$

**72. [b]**

**व्याख्या:-**

किस्त का मूल्य $= \frac{848 \times 100}{100 + 104 + 108 + 112}$

$= \frac{848 \times 100}{424} = 200$ रुपये

**73. [d]**

**व्याख्या:-**

◈◈ आयताकार खेत का क्षेत्रफल $= 588 \times 50 = 29400\ m^2$
खोदी गई रेत का आयतन $= 30 \times 20 \times 12 = 7200\ m^3$

◈ बचे हुए खेंत का क्षेत्रफल (जो कि खोदा नहीं गया है)
$= 29400 - (30 \times 20)$
$= 29400 - 600 = 28800\ m^2$
खेत की बढ़ी हुई ऊंचाई $= \frac{7200^\circ}{28800}$
$= 0.25\ m = 0.25 \times 100 = 25\ cm.$

**74. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ कुल धनराशि = 2492
धनराशि का अनुपात =
गिरिजा की आयु : सुनन्दा की आयु
16 : 12
4 : 3
कुल अनुपात = 4 + 3 = 7
अत: सुनन्दा का भाग
$= \frac{2492}{7} \times 3 = 1068$

**75. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ लम्बाई =12 मीटर, चौड़ाई =6 मीटर, ऊंचाई =4 मीटर
कमरे का क्षेत्रफल =2× ऊंचाई (लम्बाई+चौड़ाई)
$= 2 \times 4(12 + 6) = 144$ मीटर $^2$
दरवाजे का क्षेत्रफल $= 2 \times 1 = 2$ मीटर $^2$
2 दरवाजे अर्थात् $= 2 \times 2 = 4$ मीटर $^2$
खिड़की का क्षेत्रफल $= 1.5 \times 1 = 1.5$ मीटर $^2$
2 खिड़कियां $= 1.5 \times 2 = 3$ मी $^2$
कुल रंगे जाने वाले क्षेत्र का क्षेत्रफल
$= 144 - 4 - 3 = 137$ मी $^2$

◈ दीवारो पर रंग कराने का व्यय $= 15 \times 137 = 2055$ रुपये

**76. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ A, B तथा C की 1 घण्टे की कार्यक्षमता निकालते हैं—
A का 1 घण्टे का कार्य = $\frac{1}{10}$
B का 1 घण्टे का कार्य = $\frac{1}{12}$
C का 1 घण्टे का कार्य = $\frac{1}{15}$
तीनों का 1 घण्टे का कुल कार्य:
$\frac{1}{10} + \frac{1}{12} + \frac{1}{15}$
LCM = 60
$= \frac{6+5+4}{60} = \frac{15}{60} = \frac{1}{4}$
अर्थात तीनों मिलकर 1 घण्टे में $\frac{1}{4}$ कार्य करते हैं।
पूरा कार्य करने में समय:
$\frac{1}{\frac{1}{4}} = 4$ घण्टे
अतः सही उत्तर (a) 4 घण्टे।

**77. [c]**

**व्याख्या:-**

$M_1 D_1 = M_2 D_2$
$10 \times 18 = 10 \times 6 + 15 \times D_2$
$180 - 60 = 15\ D_2$
$\frac{120}{15} \Rightarrow D_2 = 8$ दिन

**78. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ अभीष्ट संख्या= 5800× (12+11)%
= 5800×23% = 1334

**79. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ अभीष्ट संख्या = 5800×25%×68%= 986

**80. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ अभीष्ट संख्या = 5800×15%= 870

**81. [a]**

**व्याख्या:-**

$\Rightarrow$ विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य $\left(\frac{100+p}{100}\right)$

$\Rightarrow$ विक्रय मूल्य = $200\left(\frac{100+10}{100}\right)$

$\Rightarrow$ विक्रय मूल्य = 220 रु.
अत: किताब का विक्रय मूल्य 220 रु. होगा।

**82. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ भौतिक परिवर्तन की विशेषताएँ:

◈ रासायनिक संरचना नहीं बदलती – पदार्थ वही रहता है।

◈ केवल भौतिक गुण बदलते हैं – जैसे आकार, अवस्था, रंग, घनत्व।

◈ अस्थायी परिवर्तन – कारण हटाने पर पदार्थ अपनी पूर्व अवस्था में लौट सकता है।

**83. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ लोहे में जंग लगना ऑक्सीकरण की प्रक्रिया है, जिसमें नमी (जल) और ऑक्सीजन की उपस्थिति आवश्यक होती है। जंग से बचाने के लिए लोहे को हवा व नमी के संपर्क से दूर रखा जाता है या उसकी प्रकृति बदली जाती है।

**84. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ कमरे के तापमान पर तरल → पारा (Hg)

◈ जिसे आसानी से चाकू से काटा जा सकता है → सोडियम (Na)

◈ ऊष्मा का उत्कृष्ट चालक → चाँदी (Ag)

◈ ऊष्मा का कुचालक → सीसा (Pb)

**85. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ कथन 1: सोडियम धातु को मिट्टी के तेल में संगृहीत किया जाता है क्योंकि यह अत्यधिक प्रतिक्रियात्मक होता है। (सत्य)

- कथन 2: सोडियम धातु नाइट्रोजन से प्रबलता से प्रतिक्रिया करता है। (असत्य)
- सोडियम सामान्य परिस्थितियों में नाइट्रोजन गैस से आसानी से या प्रबलता से अभिक्रिया नहीं करता है। यह मुख्य रूप से ऑक्सीजन और जल के प्रति अधिक अभिक्रियाशील होता है।

**86. [c]**

**व्याख्या:-**

- चित्र में दिया है—

  समतल दर्पण पर आपतन कोण $i = 15°$

  समतल दर्पण के लिए परावर्तन का नियम: $i = r$
- अर्थात परावर्तन कोण $r = 15°$
- ∠x परावर्तित किरण और दर्पण की सतह के बीच का कोण है।

  जबकि $r$परावर्तित किरण और अभिलंब (Normal) के बीच का कोण होता है।
- कोणों का संबंध:

  अभिलंब दर्पण की सतह पर लंब होता है, इसलिए

  $\angle x = 90° - r$

  $\angle x = 90° - 15° = 75°$
- निष्कर्ष:

  $\boxed{\angle x = 75°}$

**87. [c]**

**व्याख्या:-**

- उत्तल दर्पण द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब की मुख्य विशेषताएं: -

  1. आभासी और सीधा: 2. दर्पण के पीछे:

  3. वस्तु से छोटा (Diminished):

  4. स्थिति: दर्पण के ध्रुव (P) और फोकस (F) के बीच

**88. [a]**

**व्याख्या:-**

- समयुग्मजी (Homozygous): जब किसी जीन के दोनों एलील (alleles) एक समान होते हैं (जैसे TT या tt), तो उस स्थिति को समयुग्मजी कहा जाता है।
- विषमयुग्मजी (Heterozygous): जब किसी जीन के दो एलील अलग-अलग होते हैं (जैसे Tt), तो उसे विषमयुग्मजी कहते हैं।

**89. [a]**

**व्याख्या:-**

- DNA लंबा बहुलक है जो न्यूक्लियोटाइड्स से बनता है।

**90. [d]**

**व्याख्या:-**

- किसी जीन का वैकल्पिक रूप जो किसी विशेष लक्षण को नियंत्रित करता है, उसे एलील (Allele) कहते हैं।

**91. [a]**

**व्याख्या:-**

- न्यूट्रोफिल

(i) कणिकाएँ एम्फोफिलिक प्रकृति की होती हैं

न्यूट्रोफिल की सैन्यूल्स न तो पूर्णतः अम्लीय होती हैं, न क्षारीय- इसलिए इन्हें एम्फोफिलिक कहते हैं।

(ii) व्यास 10-15 µm तथा WBC का 60-70% भाग न्यूट्रोफिल सबसे अधिक संख्या में पाए जाने वाले श्वेत रक्त कण (WBC) हैं (लगभग 60-70%)।

- इनका आकार भी लगभग 10-15 माइक्रोमीटर होता है।

(iii) कणिकाओं में हाइड्रोलेस, विटामिन B1: बाइंडिंग प्रोटीन व लाइसोज़ाइम

- न्यूट्रोफिल की कणिकाओं में ये सभी एंजाइम/प्रोटीन पाए जाते हैं, जो फैगोसाइटोसिस और जीवाणु नाश में सहायक होते हैं।

**92. [c]**

**व्याख्या:-**

- पुरुष लिंग की सहायक ग्रंथियों के अंतर्गत एक जोड़ा शुक्राशय, एक पुरस्थ (प्रोस्टेट) ग्रंथि तथा एक जोड़ा बल्बोयूरेथ्रल ग्रंथियाँ शामिल होती हैं। इन ग्रंथियों का स्राव शुक्रीय (सेमिनल) प्लाज्मा का निर्माण करता है जो फ्रुक्टोज (फल शर्करा), कैल्सियम तथा कुछ प्रकिण्व (एंजाइम्स) से भरपूर होता है।

**93. [c]**

**व्याख्या:-**

- कैल्सियम रक्त के थक्के जमाने (clotting) में मदद करता है।
- सोडियम शरीर के बाह्य-कोशिकीय द्रव्य (extracellular fluid) में मुख्य इलेक्ट्रोलाइट है।
- आयरन हीमोग्लोबिन का मुख्य घटक है और इसकी कमी से एनीमिया होता है।
- आयोडीन थायरॉइड ग्रंथि में थायरॉइड हॉर्मोन ($T_3$, $T_4$) बनाने में आवश्यक है।

**94. [b]**

**व्याख्या:-**

- मिलेट (Millet) जैसे बाजरा, ज्वार, और रागी पोषक तत्वों से भरपूर अनाज हैं। प्रत्येक कथन की सत्यता नीचे जाँची गई है:
- बाजरा में 11.6 ग्राम प्रोटीन होता है।
- ज्वार में 72.6 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है।
- रागी में 344 मिग्रा कैल्सियम होता है।

**95. [a]**

**व्याख्या:-**

- भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 (जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हुए हैं) के अनुसार, कचरे का पृथक्करण अब चार श्रेणियों में अनिवार्य है:
- विशेष देखभाल अपशिष्ट (Special Care Waste): इसमें पेंट के डिब्बे, दवाइयाँ, बल्ब, ट्यूबलाइट और मरकरी थर्मामीटर जैसी घरेलू खतरनाक सामग्रियां शामिल हैं। इन्हें काले रंग के डस्टबिन में डाला जाना चाहिए।
- गीला अपशिष्ट (Wet Waste): सब्जियाँ, फलों के छिलके और फूल (हरा डस्टबिन)।
- सूखा अपशिष्ट (Dry Waste): प्लास्टिक, काँच, रबर और कागज (नीला डस्टबिन)।
- सेनेटरी अपशिष्ट (Sanitary Waste): टैम्पोन, डायपर और कंडोम (लाल डस्टबिन)।

**96. [a]**

**व्याख्या:-**

- D - डिफ्थीरिया (Diphtheria): जीवाणु कोरिनेबैक्टीरियम डिफ्थीरिया के कारण होने वाला गले का गंभीर संक्रमण।
- P – पर्टुसिस (Pertussis): जीवाणु बोर्डेटेला पर्टसिस के कारण होने वाली खाँसी (Whooping Cough)।
- T - टिटेनस (Tetanus): जीवाणु क्लोस्ट्रीडियम टेटानी के कारण होने वाला मांसपेशी संकुचन रोग

**97. [a]**

**व्याख्या:-**

- कथन (a) : HIV-संक्रमित महिला अपने शिशु को गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान HIV संचरित कर सकती है। यह माँ-से-शिशु संचरण के मुख्य मार्ग हैं।
- कथन (b) : भारत में गर्भवती महिलाओं में HIV प्रसार (Prevalence) कुछ क्षेत्रों में 1% से कम हो सकता है, लेकिन यह संचरण के बारे में नहीं, बल्कि प्रसार दर के बारे में है।
- कथन (c) : पेरीनेटल HIV संचरण का लगभग 90% प्रसव के दौरान या गर्भावस्था में होता है, लेकिन सटीक आँकड़ा संदर्भ और उपचार पर निर्भर करता है।
- कथन (d) : बिना उपचार के, HIV-संक्रमित गर्भवती महिला से शिशु में संचरण की संभावना 15-45% होती है, न कि 90%।

**98. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान राज्य जैव-विविधता बोर्ड (RSBB) ने ऐनोगाइसस सेरीसिया वेरा. नुमुलेरिया (जिसे स्थानीय भाषा में 'इंद्रोख' या 'धोक' की एक प्रजाति कहा जाता है) को आर्थिक महत्त्व की गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered) पादप प्रजाति के रूप में पहचाना है।
- आर्थिक महत्त्व: इस वृक्ष की छाल और पत्तियों का उपयोग टैनिंग (चमड़ा शोधन) और कैलिको प्रिंटिंग (सूती वस्त्रों पर छपाई) में रंग निकालने के लिए किया जाता है।
- संकट का कारण: अत्यधिक दोहन, सीमित वितरण और आवास विखंडन के कारण इसकी संख्या तेजी से घटी है।

**99. [b]**

**व्याख्या:-**

1. वर्ष 2010 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा “International Year of Biodiversity” घोषित किया गया।
2. इसका उद्देश्य विश्व में जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।
3. यह वर्ष रियो सम्मेलन की 18वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाया गया।

**100. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारत का प्रथम स्वदेशी सुपर कम्प्यूटर – PARAM 8000 का शुभारंभ वर्ष 1991 में किया गया था।
- इसे C-DAC (Centre for Development of Advanced Computing), पुणे द्वारा विकसित किया गया।

♦♦♦♦



विज्ञापन
एकलव्य BATCH
LIVE FROM CLASSROOM BATCH
लक्ष्य क्लासेज उदयपुर
1 जनवरी 2026 से प्रारंभ
वनपाल एवं वनरक्षक
✔ सर्वश्रेष्ठ शिक्षक
✔ क्लासरूम पैनल PDFs
✔ टॉपिक Wise प्रैक्टिस MCQS
✔ लाइव एवं रिकॉर्डेड कक्षाएं
✔ एग्जाम पैटर्न टेस्ट सीरीज
✔ HD वीडियो फ़ैसिलिटी
✔ प्रीवियस ईयर क्वेश्चन
lakshya classes udaipur
Lakshya Classes Udaipur
Open
4.5★ 5K reviews
Rated for 3+
5L+ Downloads
TEST SERIES
Only ₹99
पटवार | BSTC/PTET | VDO
जेल प्रहरी | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी
अक्षांश प्रकाशन द्वारा प्रकाशित।
वनपाल भर्ती परीक्षा-2026
सम्पूर्ण स्टडी गाइड
राजस्थान LDC प्रथम प्रश्न पत्र
राजस्थान LDC द्वितीय प्रश्न पत्र
राजस्थान LDC प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्र
WOMEN SUPERVISOR महिला पर्यवेक्षक
अक्षांश पब्लिकेशन
अक्षांश प्रकाशन की सभी नवीनतम एवं मानक पुस्तकें आपके नजदीकी बुक स्टोर पर उपलब्ध।
YOUTUBE
TELEGRAM
Scan to Download Lakshya App Now
GET IT ON Google play
लक्ष्य क्लासेज की प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों को खरीदने के लिए QR कोड स्कैन करें।
MRP : ₹ 220
CODE : APDO(35) NRT
S.No. AP0110
सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™
M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 5, Circle, Main Road, Udaipur